NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

# विजडम इंडिया

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 11 लखनऊ, गुरुवार 22 अगस्त 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## पुलिस भर्ती परीक्षा योगी सरकार का फूलप्रूफ प्लान तैयार, परिंदा भी नहीं मार सकेगा पर

loknnkrkA

लखनऊ। योगी सरकार द्वारा प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अभेद्य प्लान तैयार किया गया है। योगी सरकार की ओर से तैयार फूलप्रूफ प्लान पर कोई पंरिदा भी पर नहीं मार सकता। इसके लिए योगी सरकार की ओर से जहां भरपूर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चप्पे–चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार परीक्षा केंद्रों के रास्तों



पर भी सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। साथ ही चिन्हित हॉटस्पॉट्स की ड्रोन कैमरों से चेकिंग की जाएगी। इसके अलावा एसटीएफ, लोकल पुलिस, क्राइम ब्रांच समेत कई एजेंसियां परीक्षा केंद्रों के आस–पास सक्रिय रहेंगी। मालूम हो कि 23 अगस्त से प्रदेश के 67 जिलों में पुलिस आरक्षी के 60,244 पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा होने जा रही है।डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की थी, जिसमें उन्होंने परीक्षा की तैयारियों को लेकर बारीकी से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि परीक्षा को लेकर कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए हर एक छोटे–छोटे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसके तहत अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, यातायात, रेलवे, डायल–112 के साथ सभी जोन के एडीजी, पुलिस कमिश्नर, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को अपने–अपने जिलों में अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं। इस बार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केन्द्रों के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरों से विशेष नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही अति संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त नये सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। वहीं चिन्हित हॉटस्पॉट्स पर ड्रोन कैमरों से चेकिंग की व्यवस्था की गई है। डीजीपी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध सुनिश्चित किये गये हैं।

## बीजेपी के लिए अपराजित रहे जालना लोकसभा क्षेत्र में मुरझाया कमल, विधानसभा चुनाव में एक बार फिर खड़े होने की रहेगी चुनौती

एजेंसी।


महाराष्ट्र जालना लोकसभा क्षेत्र में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कल्याण काले ने 1996 से जारी भारतीय जनता पार्टी के वर्चस्व को समाप्त करके जीत हासिल की है। बीजेपी के रावसाहेब दानवे जालना से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। उनको ही हराकर कांग्रेस ने यह सीट अपने नाम की है। महाराष्ट्र का जालना लोकसभा क्षेत्र राज्य के 48 संसदीय क्षेत्र में से एक है। जहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कल्याण काले ने 1996 से जारी



भारतीय जनता पार्टी के वर्चस्व को समाप्त करके जीत हासिल की है। बीजेपी के रावसाहेब दानवे जालना से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। उनको ही हराकर कांग्रेस ने यह सीट अपने नाम की है। यह क्षेत्र मराठवाड़ा संभाग के उत्तर दिशा में है। जालना का यह हिस्सा निजाम रियासत का हिस्सा था लेकिन बाद में यह महाराष्ट्र में शामिल हुआ। यह एक जिला मुख्यालय है, जिसके कारण बड़े–बड़े प्रशासनिक दफ्तर भी यहीं पर मौजूद हैं। जालना लोकसभा क्षेत्र हायब्रीड सीड्स के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इसके अलावा भी यहां बीड़ी उद्योग, स्टील मिल और मौसम्मी फल का भी बहुतायत में उत्पादन होता है।

## आंध्र प्रदेश में फार्मा कंपनी के कारखाने में लगी आग, चार कर्मचारियों की मौत

कृष्णन ने बताया, हमने चार कर्मचारियों को खो दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल हुए करीब 30लोगों को अनकापल्ली और अचुतापुरम के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।



आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में बुधवार को एक फार्मा कंपनी के कारखाने में आग लग जाने से चार कर्मचारियों की मौत हो गई। अनकापल्ली की जिलाधिकारी विजय कृष्णन ने बताया कि दुर्घटना दोपहर करीब दो बजे एसेंटिया फार्मा कंपनी के संयंत्र में हुई। कृष्णन ने बताया, हमने चार कर्मचारियों को खो दिया। उन्होंने बताया कि घटना में घायल हुए करीब 30लोगों को अनकापल्ली और अचुतापुरम के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि कंपनी में फंसे 13 लोगों को बचा लिया गया है।

## कानून में बदलाव वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत, नकवी बोले– टच मी नाट की राजनीति से आना होगा बाहर

एजेंसी।

नई दिल्ली विपक्षी दलों और कुछ सहयोगी दलों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए नकवी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि वक्फ कानूनों में संशोधन किया जा रहा है, पहले भी संशोधन किए गए थे। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर जारी राजनीतिक विवाद के बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि यह विधेयक समय की मांग है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गुरुवार (22 अगस्त) को पहली बार बैठक करने की तैयारी कर रही है, जिसमें हाल ही में संपन्न संसद सत्र के दौरान मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा की जाएगी। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानेंयह विधेयक



भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है और पार्टी के रणनीतिकार चाहते हैं कि इसे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पारित कर दिया जाए। हालांकि, बहुत कुछ जेपीसी की रिपोर्ट पर भी निर्भर करता है। भाजपा को न केवल विपक्षी दलों को साथ लाना है, बल्कि चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे सहयोगियों को भी विधेयक का समर्थन करने के लिए राजी करना है। नकवी ने कहा कि इस पूरी व्यवस्था (वक्फ बोर्ड की) को श्छूओ मत की राजनीति से बाहर आना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह विधेयक लेकर आई है।

विपक्षी दलों और कुछ सहयोगी दलों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए नकवी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि वक्फ कानूनों में संशोधन किया जा रहा है, पहले भी संशोधन किए गए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान संशोधन किए गए थे। सरकार द्वारा पेश किए गए विधेयक पर विस्तार से चर्चा, विचार–विमर्श और विश्लेषण होना चाहिए, इसीलिए इसे जेपीसी के पास भेजा गया है। जेपीसी एक संवैधानिक संस्था है और इसकी बैठकों में इस विधेयक पर खुले मन से चर्चा होनी चाहिए। किसी भी राजनीतिक दल के पास जो भी तर्क होंगे, वे जेपीसी की बैठकों में सामने आएंगे।

विधेयक को सांप्रदायिक रंग देने के 'प्रयासों' का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इसे लेकर कई सवाल उठाए जा रहे हैं और भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है, इसलिए सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए इस पर गहन चर्चा के लिए इसे जेपीसी के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन समय की मांग है और यह नहीं माना जाना चाहिए कि किसी पर हमला किया जा रहा है या यह विधेयक किसी के खिलाफ है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 20 मवेशियों की मृत्यु

, t l hA

छत्तीसगढ़ अधिकारियों ने बताया कि कुछ ही दूरी पर दो चरवाहे भी मौजूद थे, जो इस घटना में बाल–बाल बच गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 20 मवेशियों की मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने



बताया कि जिले में कोरबा विकासखंड के केराकछार गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नौ गायों, सात बैलों और चार बछड़ों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जंगल में जब चरवाहे और मवेशी थे तब दोपहर वहां अचानक तेज बारिश होने लगी एवं इस दौरान वहां आकाशीय बिजली गिरने से इन मवेशियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ही दूरी पर दो चरवाहे भी मौजूद थे, जो इस घटना में बाल–बाल बच गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तब पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। बाद में पुलिस दल ने पशु चिकित्सा विभाग को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आज पुलिस और राजस्व विभाग की मौजूदगी में पशु चिकित्सा विभाग ने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम किया। मृत पशुओं के मालिकों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

## भारतीय वायु सेना के लडाकू विमान से कोई वस्तु गिरी, कोई जानमाल का नुकसान नहीं

रामदेवरा थाने के पुलिस उपनिरीक्षक शंकर लाल ने बताया कि गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कुछ लोगों ने जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उनके अनुसार वहां किसी वस्तु के टुकड़े पड़े हुए थे।राजस्थान में जैसलमेर जिले के पोखरण इलाके में बुधवार को भारतीय वायु



सेना के एक लड़ाकू विमान से कोई वस्तु जमीन पर गिरी। वायुसेना ने कहा कि यह घटना सुनसान इलाके में हुई और जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उसने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज तकनीकी खराबी के कारण पोखरण फायरिंग रेंज के पास भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान से एक 'एयर स्टोर' अनजाने में बाहर आ गया।'' उसने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। जान–माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। रामदेवरा थाने के पुलिस उपनिरीक्षक शंकर लाल ने बताया कि गांव से करीब एक किलोमीटर दूर कुछ लोगों ने जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उनके अनुसार वहां किसी वस्तु के टुकड़े पड़े हुए थे।

## उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा ने भरा पर्चा, सीएम नीतीश भी रहे मौजूद, निर्विरोध निर्वाचित होना तय

, t l hA

पटना बिहार भाजपा ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मिश्रा को बिहार से दूसरे राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नामित किया था, जबकि कुशवाहा का नाम पहले ही घोषित किया जा चुका था।पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने बुधवार को बिहार विधानसभा में दो राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है और दोनों उम्मीदवारों का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है, क्योंकि विपक्ष ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। भाजपा ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मिश्रा को बिहार से दूसरे राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में नामित किया था, जबकि कुशवाहा का नाम पहले ही घोषित किया जा चुका था। नौ राज्यों की 12 रिक्त राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 3 सितंबर को होंगे। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अगस्त है। नामांकन दाखिल करने के बाद कुशवाहा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह



मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे उम्मीदवार बनाया। इससे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए को मदद मिलेगी। विपक्ष के पास कोई मौका नहीं बचेगा और यह अब स्पष्ट है कि बिहार में अगली सरकार भी एनडीए की ही होगी। मिश्रा ने उन्हें अवसर देने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे निभाएंगे। उन्होंने कहा, ष्मैं पार्टी और सरकार को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिलेगा।ष दो खाली सीटों में एक भाजपा की और दूसरी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की है, क्योंकि भाजपा नेता विवेक ठाकुर नवादा से और राजद सांसद मीसा भारती पाटलिपुत्र सीट से निर्वाचित हुए हैं। यह कुशवाहा का दूसरा कार्यकाल होगा, जो राज्यसभा में होगा। इससे पहले वे लोकसभा, बिहार विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं। मिश्रा के लिए यह पहला मौका होगा जब वे राज्यसभा में पहुंचेंगे। वहीं मनन मिश्रा ने उन्हें अवसर देने के लिए भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी और सरकार को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। अगले साल राज्य में होने वाले चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिलेगा।

## एफएआईएमए ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका, डाक्टरों की सुरक्षा के लिए तत्काल उपाय करने की मांग

एफएआईएमए की याचिका में डॉक्टरों, विशेषकर महिलाओं के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की सख्त जरूरत पर प्रकाश डाला गया है, जिन्हें अपनी ड्यूटी के दौरान लगातार खतरों का सामना करना पड़ता है। एफएआईएमए द्वारा अनुरोधित प्रमुख हस्तक्षेपों और निर्देशों में तत्काल सुरक्षा उपाय शामिल हैंरू संवेदनशील अस्पताल क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 का अनुपालन सुनिश्चित करना, जिसमें 24•7 संकट कॉल सुविधा भी शामिल है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (थ्।प्ड।) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार और हत्या के मामले में हस्तक्षेप और निर्देश के लिए एक तत्काल आवेदन दायर किया।

एफएआईएमए प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों के कामकाजी माहौल पर विचार करने और इस आश्वासन के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश की सराहना की कि सुप्रीम कोर्ट हमारी कामकाजी परिस्थितियों और सुरक्षा में सुधार पर विचार कर रहा है। इस दुखद घटना के



कारण देश भर में विरोध प्रदर्शन हुआ और देश भर में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा हुईं। एफएआईएमए की याचिका में डॉक्टरों, विशेषकर महिलाओं के लिए बढ़ी हुई सुरक्षा और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की सख्त जरूरत पर प्रकाश डाला गया है, जिन्हें अपनी ड्यूटी के दौरान लगातार खतरों का सामना करना पड़ता है। एफएआईएमए द्वारा अनुरोधित प्रमुख हस्तक्षेपों और निर्देशों में तत्काल सुरक्षा उपाय शामिल हैंरू संवेदनशील अस्पताल क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 का अनुपालन सुनिश्चित करना, जिसमें 24•7 संकट कॉल सुविधा भी शामिल है। इसमें आगे राष्ट्रीय टास्क फोर्स को शामिल करने का उल्लेख किया गया है।

## राजस्थान के टोंक में तालाब में डूबने से चार युवकों की मौत

एजेंसी।

राजस्थान थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि चारों युवक 17–18 साल के आयु वर्ग के थे। थानाधिकारी बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह ले जाया गया है।



राजस्थान के टोंक जिले के उनियारा थाना क्षेत्र में बुधवार को चार युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि मोहम्मदपुरा गांव में हंसराज, दिलखुश, विकास और विजय तालाब से भैंस निकालने गए थे, लेकिन वे कीचड़ में धंस गए और डूब गए। थानाधिकारी धर्मेश दायमा ने बताया कि चारों युवक 17–18 साल के आयु वर्ग के थे। थानाधिकारी बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह ले जाया गया है।

## पुणे में विरोध कर रहे एमपीएससी अभ्यर्थियों से सुप्रिया सुले ने की मुलाकात,

एजेंसी। नई दिल्ली एमपीएससी ने कहा है कि, समय संबंधी मुद्दों के कारण, कृषि सेवा पदों को आगामी परीक्षा में शामिल नहीं किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए सुले ने कहा कि वह उनकी मांगों से सहमत हैं। सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि एकाधिक परीक्षा शुल्क का भुगतान करना संभव नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को पुणे में विरोध प्रदर्शन कर रहे महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) के अभ्यर्थियों से मुलाकात की और एमपीएससी परीक्षाओं में कृषि विभाग से 258 पदों को शामिल करने की उनकी मांग को समर्थन दिया। अभ्यर्थी यह भी मांग कर रहे हैं कि एमपीएससी अपनी निर्धारित तिथि 25 अगस्त को इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेक्शन (आईबीपीएस) परीक्षा के साथ टकराव के कारण परीक्षा स्थगित कर दे, जिससे दोनों परीक्षाओं में शामिल होने वाले उम्मीदवार प्रभावित होंगे। छात्रों ने तर्क दिया कि कृषि विभाग में पदों का विज्ञापन बहुत पहले ही कर दिया गया था, और परीक्षा आयोजित करने में किसी भी तरह की देरी से यह अनिश्चितता पैदा हो जाती है कि परीक्षा कब आयोजित की जाएगी। उन्होंने कृषि विभाग में पदों को भरने के लिए एमपीएससी परीक्षाओं के साथ परीक्षा आयोजित करने की मांग की।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने नोएडा में फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया

नई दिल्ली उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज नोएडा हेल्थ यूनिट में उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के दूसरे सेटेलाइट फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री ए. के. सिंघल, उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ के. श्रीधर, उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ रुषमा टंडन और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री सुखविंदर सिंह उपस्थित थे।



नोएडा हेल्थ यूनिट के फिजियोथेरेपी सेंटर में अलग–अलग तरह के विकार रोगों और चोटों के प्रभावी इलाज की व्यवस्था है। यह विशेष उपचार प्रभावित शरीर के अंगों की गतिशीलता, गति और शरीर के प्रभावित हिस्सों को पहले की तरह ही गतिशील बनाने में मदद करता है। इस केन्द्र में रोगी के व्यापक उपचार के लिए नौ मशीनें लगाई गई है, जिसका प्रबंधन उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेवारत और सेवानिवृत्त रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। नोएडा, जहां अनेक लाभार्थी निवास करते हैं, उन सभी ने इस तरह की सुविधा उपलब्ध होने पर प्रसन्नता जताई और इसकी सराहना की। नोएडा में इस सुविधा के उपलब्ध हो जाने पर अब यहां रहने वाले रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फिजियोथेरेपी इलाज के लिए अब उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल तक आने–जाने की असुविधा भी नहीं होगी।

## बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय उदारवादी व्यवस्था पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

लखनऊ बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक को राजनीति विज्ञान विभाग के ओर से श21वीं सदी में अंतर्राष्ट्रीय उदारवादी व्यवस्था के प्रति भारत की प्रतिक्रियाश विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, संगठन और निरस्त्रीकरण केंद्रद्द के घ्प्रो. शांतेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सार्तिक बाघ, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रिपु सूदन सिंह, प्रो. विनोद खोबरागड़े एवं डॉ. सिद्धार्थ मुखर्जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ हुई। सर्वप्रथम प्रो. सार्तिक बाघ ने सभी को मुख्य अतिथि के परिचय से अवगत कराया। इसके पश्चात कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रिपु सूदन सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रुपरेखा की जानकारी दी। मंच संचालन का कार्य सुश्री मंजरी राज द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि घ्प्रो. शांतेश कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उदारवाद की शुरुआत एक विचारधारा के रूप में हुई। आज जब वैश्विक मामलों में पश्चिमी देश अपने कदम पीछे ले रहा है वहीं भारत अपनी उदारवादी कूटनीति के कारण एक प्रमुख संगठन के रूप में उभर रहा है।

## परिवहन मंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर निःशुल्क यात्रा के निर्णय हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

### 16,01,649 महिला यात्रियों ने निःशुल्क यात्रा की–दयाशंकर सिंह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन के अवसर पर पूरे उ0प्र0 में रोडबेज बसों से निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गयी थी। इसके तहत 16,01,649 महिला यात्रियों ने निःशुल्क यात्रा की। गत वर्ष की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक बहनों ने इस वर्ष निःशुल्क यात्रा का लाभ लिया। इसके अंतर्गत बहनों द्वारा उ0प्र0 परिवहन निगम की बस से 16,25,95,910 रुपए के समतुल्य टिकट मूल्य धनराशि की यात्रा की गई।यह जानकाआज यहां प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त की मध्य रात्रि से 19 अगस्त की मध्य रात्रि तक महिलाओं के लिए निःशुल्क यात्रा का निर्णय लिया गया था। इसके तहत रोडवेज के सभी बसों में बहनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गयी। उन्होंने जनकल्याण के लिए महिलाओं के पक्ष में लिये गये निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि गत वर्ष रक्षाबंधन पर्व (दो दिन अर्थात 30 एवं 31 अगस्त 2023) के अवसर पर यात्रा के अंतर्गत कुल 24,44,970 बहनों ने निःशुल्क यात्रा का लाभ लिया था। उन्होंने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्णयानुसार वर्ष 2017 से परिवहन निगम की बसों में बहनों के लिए रक्षाबंधन पर्व पर निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्ष 2017 में कुल 11.16 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2018 में 11.69 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2019 में 12.04 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2020 में 7.36 लाख महिलाओं ने, वर्ष 2021 में 9.63 लाख महिलाओं ने एवं वर्ष 2022 में (दो दिन अर्थात 11 एवम 12 अगस्त) कुल 22.32 लाख महिलाओं ने निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ लिया। परिवहन मंत्री ने रक्षाबंधन के इस पर्व पर बेहतर एवं सुचारु ढंग से कार्य करने के लिए एवम बेहतर सुविधाएं देने के लिए परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया है उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह से आप कार्य करते रहें जिससे कि परिवहन निगम का और नाम बढ़े।

## ई-रिक्शा हादसे में गंभीर घायल कस्बे के युवा व्यापारी जीतू का इलाज के दौरान हुआ निधन

कछौना हरदोई(आरएनएस) ।सड़क दुर्घटना के चलते एक युवा व्यापारी जीतू गुप्ता(शान्तनु गुप्ता के बड़े भाई) का लखनऊ के प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। एक हंसते–खेलते परिवार के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। बुजुर्ग माता–पिता, भाई, पत्नी व बच्चे इस घटना से बदहवास हैं। पूरे नगर में शोक की लहर है, हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है। युवा व्यापारी मिलनसार, हँसमुख, अपनी अलग पहचान छोड़ जाने वाला युवा था।युवा व्यापारी जीतू गुप्ता उम्र लगभग 42 वर्ष पत्नी के साथ देर शाम को टहलने के लिए निकले थे। प्रतिदिन की भांति अपनी पत्नी के साथ स्टेशन तक टहलकर अपने घर की तरफ वापस आ रहे थे कि इसी दौरान कस्बे के एक बेलगाम ई–रिक्शा चालक ने स्टेशन मार्ग पर तुलसी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के निकट उनको पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वह बदहवास होकर गिर गये। शरीर में कई जगह चोटें आईं। गर्दन व सिर में गंभीर चोट आ गई थी। आनन–फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया गया। लखनऊ के प्राइवेट अस्पताल में परिजनों ने उनको भर्ती कराया, जहां उनका इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया। परिजनों व शुभचिंतकों की प्रार्थना व डॉक्टरों के लाख प्रयास के बावजूद जीतू गुप्ता जिंदगी की जंग हार गये। दो मासूम बच्चों, पत्नी, बुजुर्ग माता–पिता, भाइयों, परिजनों व मित्रों के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। जीतू का इस तरह से दुनिया से चले जाना किसी को विश्वास नहीं हो रहा है, उनके निधन की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध और गमगीन है। अपने साथ के युवा हँसमुख व्यापारी के इस तरह से चले जाने से सभी की आंखें नम हैं। इस अपूर्णनीय क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती है। पूरे कस्बे व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल, विधायक रामपाल वर्मा, नगर अध्यक्ष राधारमण शुक्ला ने इस घटना पर गहरा शोक जताया और इसे एक अपूर्णनीय क्षति बताया जिसे कभी भी पूर्ण नहीं किया जा सकता है।

# अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का 'नवाब ब्रांड' है– योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश की सदस्यता अभियान कार्यशाला मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई। 01 सितम्बर से शुरू होने वाला भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। सदस्यता अभियान में 01 सितम्बर से देश का कोई भी नागरिक भाजपा द्वारा सदस्यता के लिए जारी किए गए नम्बर 8800002024 पर मिस्डकॉल, क्यूआर कोड, नमो एप तथा भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से सदस्यता ग्रहण कर सकता है। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री व राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के सहसंयोजक दुष्यंत गौतम, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश के सहप्रभारी संजीव चौरसिया तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा सहित उत्तर प्रदेश से पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय महामंत्री, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी, सहप्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, पार्टी के राज्यसभा व लोकसभा में सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, पार्टी संगठन के विभागो के संयोजक सहसंयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक सहसंयोजक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर, आईटी व सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक और बोर्ड, निगम व आयोगों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या, गोमतीनगर व कन्नौज की घटना ही समाजवादी पार्टी का 'नवाब ब्रांड' है। कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया दुष्कर्मियों व सरकार का बचाव कर रहे हैं। सपा मुखिया का बेशर्मीपूर्ण बयान ही उनकी पार्टी का असली चेहरा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बहुसंख्यक समाज के विपरीत कथित धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वाले दलों के स्वर भारत की मूल विचारधारा पर होने वाले हमले में नहीं निकलते। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमें बैकफुट पर जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि विपक्ष के कारनामों की पोल खोलने की जरूरत है। मुख्यमंत्री कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर हमलावर रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस अभियान को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाइए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोलकाता की अराजकता पर चिकित्सक व आधी आबादी आंदोलित है, लेकिन सपा मुखिया दुष्कर्मियों व सरकार का बचाव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उत्तर प्रदेश में साजिश हो रही है। इसे समझने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर तक पहुंचिए और परिवार के हर सदस्यों से संवाद बनाइए। उनसे कहिए कि उपचुनाव में विपक्षी दलों के नेताओं से पूछें कि आखिर एक–एक लाख रुपये के बॉन्ड भरवाए गए थे। वह कहां हैं। सोशल मीडिया से लेकर आमजन के बीच कांग्रेस व सपा के झूठ का पर्दाफाश कीजिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता का दृश्य श्रीलंका व बांग्लादेश में दिखा। भारतीय राजनीति में लोकसभा चुनाव के छह माह पहले से इसकी सुगबुगाहट देखने को मिल रही थी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई जा रही थी। यह भाजपा व हमारी विचारधारा को रोकने के षडयंत्रों की ओर इशारा करती है। यदि देश में सक्षम नेतृत्व न होता तो वे अस्थिरता पैदा करने में सफल हो गए होते। देश में राजनीतिक स्थिरता के लिए भारतीय जनता पार्टी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना। आमजन के मन में जिज्ञासा है कि भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं व सक्षम नेतृत्व के बल पर सबसे बड़ा राजनीतिक दल नहीं होता तो तय था कि 2024 में जिस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के षडयंत्र हुए थे, वे सफल होकर भारत को लंबे समय तक अस्थिरता के दौर में ढकेलने का कार्य करते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा मूल्यों व आदर्शों की राजनीति करने वाला एकमात्र दल है। विरोधी विचारधारा के लोग भी भाजपा के कैडर, अनुशासन, संगठन, कार्यपद्धति व कार्यक्रम को मानते हैं। भाजपा के पास कैडर बेस्ड पार्टी का स्ट्रक्चर है। देश में जब भी चुनौती आती है तो यह कैडर काम करता है। दल से बढ़कर देश है, संकट के समय इस भाव के साथ भाजपा का कार्यकर्ता सेवा के लिए तैयार रहता है। कोरोना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'सेवा ही संगठन' के संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता पीड़ितों के साथ खड़ा रहा। आपदा, त्रासदी, बाढ़, भूकंप आदि के समय भी संगठनात्मक ढांचा समर्पित भाव के साथ सेवा करता दिखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति भाजपा के साथ जुड़ना चाहता है। मुख्यमंत्री ने अपील की कि एक मोबाइल फोन से एक ही सदस्य बनाएं। हर बूथ पर 200 सदस्य बनाना है। इसके लिए कार्यकर्ता गांवों में अलग–अलग तबकों के बीच जाएं और लेखक, साहित्यकार, समाज सुधारक, किसान, युवा, सेवानिवृत्त सैनिक समेत हर वर्ग को जोड़ें, सूची बनाएं। मलिन–दलित बस्तियों में जाकर पहले उनकी सुनिए, फिर अपनी कहिए। केंद्र व राज्य की योजनाओं, रोजगार व कनेक्टिविटी से अवगत कराइए। संवाद सदस्यता अभियान के जरिए जनता से जुड़िए। आधी आबादी भाजपा से जुड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया कि घर–घर जाएं और सिर्फ मुखिया से ही नहीं, बल्कि हर सदस्य से मिलें। महिला मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवाओं से मिलें। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली से 25 सितंबर तक पहले चरण का अभियान चलेगा। द्वितीय चरण पहली से 15 अक्टूबर तक चलेगा और 15 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता का अभियान चलेगा। सक्रिय सदस्य के लिए आवश्यक होगा कि वह 100 सदस्य बनाया हो। बूथशः फिजिकल वेरीफिकेशन कर सकें तो कोई अफवाह व षडयंत्र चुनौती नहीं रह पाएगी।

## ग्राम चौपालों में 03 लाख 85 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का किया गया निस्तारण

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या–गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकाके अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1539 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 4827 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 4224 ब्लाक स्तरीय अधिकाव कर्मचातथा 7673 ग्राम स्तरीय कर्मचामौजूद रहे और इन चौपालों में 91 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त जी. एस. प्रियदर्शी ने बताया कि जनव23 से अब तक 93 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 67 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और 03 लाख 85 हजार से अधिक समस्याओंध्प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## सहायक आयुक्त ड्रग्स की छापेमारी से दवा विक्रेताओं में हड़कंप

शाहाबाद हरदोई(आरएनएस)। नशे के कारोबार में संलिप्त दो मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ बुधवार को सहायक आयुक्त ड्रग्स लखनऊ मंडल एवं औषधि निरीक्षक हरदोई द्वारा छापेमारी करके कार्रवाई की गई जिससे मेडिकल व्यवसाईयों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक अपनी–अपनी दुकान बंद करके भूमिगत हो गए। विभाग की इस कार्रवाई से फिलहाल नशे का कारोबार करने वाले दहशत में हैं। नगर क्षेत्र में कुछ मेडिकल स्टोर के स्वामी नशे का कारोबार धड़ल्ले के साथ कर रहे हैं। बड़ी संख्या में युवा और अधेड़ नशे की चपेट में आकर अपना और अपने परिवार का भविष्य चौपट कर रहे हैं। बासित नगर मार्ग पर बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन अपने हाथ और पैर की नसों में लगाने वाले नशेड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें नशेड़ी लोग बासित नगर मार्ग के मोहन मेडिकल स्टोर संचालक विश्व मोहन तथा मेन मार्केट के राम मेडिकल स्टोर संचालक राम कैलाश का नाम ले रहे हैं और यह भी बता रहे हैं कि दोनों ऊंचे दामों पर इंजेक्शन देते हैं। यह वीडियो जब मीडिया के हाथ लगा तो मीडिया ने इसे सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में वायरल किया। उसके बाद ड्रग्स विभाग में खलबली मच गई। बुधवार को ब्रजेश कुमार सहायक आयुक्त औषधि लखनऊ मंडल, औषधि निरीक्षक स्वागिता घोष शाहबाद पहुंचे और उन्होंने सबसे पहले मेन मार्केट स्थित राम मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम द्वारा दुकान में नशीले इंजेक्शनों और गोलियों की तलाश की गई परंतु नहीं मिले। एविल इंजेक्शन और गोलियां राम मेडिकल स्टोर पर बड़ी मात्रा में पाई गई जिनकी खरीदारी और बिक्री दोनों अवैध पाये गए। सहायक आयुक्त औषधि बृजेश कुमार ने बताया कि राम मेडिकल स्टोर पर एविल गोली और इंजेक्शन का कोई भी रिकॉर्ड नहीं मिला। नोटिस जारी किया गया है जब तक इन अवैध ड्रग्स की खरीद और बिक्री के कागज नहीं दिखाए जाएंगे, तब तक इन दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके बाद टीम बासित नगर चौराहे पहुंची। यहां पर मोहन मेडिकल स्टोर पहले से ही बंद मिला। मोहन मेडिकल स्टोर के स्वामी विश्व मोहन ने दुकान के ऊपर लगा बोर्ड भी हटा दिया गया था जिससे दुकान की पहचान न हो सके लेकिन आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि दुकान सोमवार को खुली थी। जांच टीम ने मोहन मेडिकल स्टोर के शटर पर एक नोटिस चस्पा कर दिया है ।

# भारत बंद के मद्देनजर बसपा ने निकाला विशाल जुलूस

### कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सोनभद्र(आरएनएस)। बहुजन समाज पार्टी जिला अध्यक्ष वी0सागर के नेतृत्व में बुधवार को हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा रामलीला मैदान से जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट तक नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति नामित ज्ञापन एडीएम सहदेव व एडिशनल एसपी कालू सिंह को सौंपा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती पूर्व सांसद लोकसभा व राज्यसभा पूर्व मुख्यमंत्री उ०प्र० के आदेशों के अनुपालन में बसपा जिला यूनिट द्वारा बुधवार को भारत बंद को पूर्ण समर्थन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपनी 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपते हुए उस पर अमल करने की मांग किया। महामहिस से मांग की गयी कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर 01 अगस्त,2024 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को निष्प्रभावी बनाया जाये, संविधान के अनुच्छेद 341 व 342, में जो भी व्यवस्था है संविधान के 9वीं अनुसूची में सम्मिलित किया जाये ताकि एस.सी. व एस. टी. के आरक्षण का मामला कोर्ट के हस्तक्षेप से अलग हो जाए। जुलूस में शामिल होने वालों में डॉक्टर ओपी मौर्य सेक्टर इंचार्ज, पन्नालाल, कमलेश गौड़, अविनाश शुक्ला, डा0राम अवतार, नीरज श्रीवास्तव, अमन मौर्य, प्रीतम गिरी, मनोज कुशवाहा, पवन कुमार, प्रेम नाथ गौतम, परमेश्वर भारती, उमेश कुशवाहा, हैदर अली, रामेश्वर आजाद, शिव शंकर राव, फूल मोहम्मद, जोखन भारती, बलवंत रंगीला, अनीश भारती, अमर देव मौर्य, टाम बाबा, भगवान दास भारती, अवधेश कुमार, रामलखन देहाती, गोपाल कौशल आदि शामिल रहे। इसी क्रम में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश को निष्प्रभावी बनाये जाने, संविधान के अनुच्छेद 341 व 342, में जो भी व्यवस्था है संविधान के 9वीं अनुसूची में सम्मिलित किये जाने तथा एस.सी. व एस. टी. के आरक्षण का मामला कोर्ट के हस्तक्षेप से अलग किये जाने की मांग किया।

## ''शहवायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास'' विषय पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि वायु प्रदूषण देश और दुनिया में सबसे बड़ी चुनौतियों के रूप में उभरा है, जो मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और समग्र पारिस्थितिक संतुलन के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इंडो गंगा के मैदान के केंद्र में स्थित है, जो वायु प्रदूषण के लिए एक वैश्विक हॉटस्पॉट है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जन सहभागिता के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाये जाये। डा0 सक्सेना ने यह विचार आज यहां होटल ताज में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन निदेशालय, ऊर्जा और संसाधन संस्थान और स्विस एजेंसी फॉर डेवलपमेंट एंड कोऑपरेशन के सहयोग द्वारा आयोजित ''शहवायु गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास'' कार्यशाला में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वायु प्रदूषण के प्रति आम व्यक्तियों में जागरूकता उत्पन्न करना है। अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण मनोज सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इस तरह की कार्यशाला समय–समय पर आयोजित होनी चाहिए, ताकि आम जनता जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वायु परियोजना के तहत वैज्ञानिक वायु दुष्प्रभावों का आकलन कर इससे होने वाले दुष्परिणामों से मनुष्यों को बचा सकें। सचिव, पर्यावरण आशीष तिवाने कहा कि कार्यशाला में उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के स्मार्ट सिटी सेल, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगमों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा, इससे यह सुनिश्चित होगा कि उन्हें परियोजना के तहत विभिन्न लाभकापरिणामों के बारे में जानकादी जाएगी।

## पीएनबी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं हेतु स्वीकृत किया श्रण

हरदोई(आरएनएस)। जनपद की पंजाब नेशनल बैंक की सभी शाखों द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृत किया गया, इस अवसर पर एक लॉन में आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख डीके झा उपस्थित रहे।जनपद की पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृत किए जाने का आयोजन एक लॉन में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख डीके झा उपस्थित रहे।उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 9 करोड़ 66 लाख का ऋण स्वीकृत करते हुए कहा कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो अपनी आजीविका के साधन को बढ़ाएं।इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक आशुतोष शर्मा, संजय शुक्ला, डीसी मनरेगा रवि प्रकाश सिंह एवं जनपद की अन्य शाखाओं के प्रबंधक पंकज पांडे, अर्पित द्विवेदी, नवनीत सिंह,धीरज पांडे,अरविंद कुमार ,योगेंद्र वर्मा,जितेंद्र प्रसाद और अरेंद्र भूषण उपस्थित रहे।

# पठन–पाठन कक्ष में कीचन होने से दहशत में बच्चे

सोनभद्र(आरएनएस)। विकास खंड करमा के असना प्राथमिक विद्यालय अपने दुर्दशा पर आंशु बहाने को विवश है। यहां किचन में पठन–पाठन करने को बच्चे लाचार हैं। जानकारी के अनुसार करमा विकास खण्ड में असना प्राथमिक विद्यालय की चर्चा जोरों पर हो रही है। क्यों कि यहां किचन में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। गाँव के कुछ लोगों का कहना है की कभी भी किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं बच्चों मे हमेशा यह डर सताता रहता है कि कभी कोई अनहोनी ना हो जाय। संदीप कुमार तिवारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय असना में कुल 31 छात्र–छात्राओं की संख्या है। एक शिक्षण कक्ष में पाठन व किचन है। शौचालय बना जो कमरे व किचन अटैच है। विद्यालय में पानी पीने के लिए हैण्ड पंप जिसमें समर सेवल भी लगा परंतु हैण्ड पम्प में पानी का टोटा है। श्री तिवारी ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों व गाँव के प्रधान का ध्यान आकर्षित कराया गया किन्तु आज तक प्रधान इस पर कोई ध्यान दिये। गाँव के ज्ञान प्रकाश मौर्य ने बताया कि विद्यालय में आने की समुचित व्यवस्था नही है। गांव के सफाई कर्मी का कहीं पता नही है, विद्यालय के चारों दिशाओं में बड़ी बड़ी घास फूस हैं। जहाँ खतरे को दावत दे रहा। गांव के प्रधान इस बात का अनसुना कर देते हैं। इसके अलावां भी क्षेत्र कई ऐसे ग्राम पंचायत हैं जहां विद्यार्थियों को स्कूल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए विद्यालय पहुंचना बरसात के दिन में टेढ़ी खीर के समान है। कीचड़ युक्त सड़क से गुजरकर विद्यालय पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग किया है।

## कोरम पूरा न होने से बघौली में कोटे का चुनाव स्थगित

बघौली हरदोई(आरएनएस) ।बघौली ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाला कोटे का चुनाव कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दिया गया। पंचायत भवन में सुबह नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जहां ग्राम विकास अधिकारी नीरज मिश्रा की मौजूदगी में करीब एक घंटे बाद एडीओ संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और कोरम पूरा न होने के कारण चुनाव की तारीख आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। आज किसी अन्य प्रत्याशी का नामांकन नहीं हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा कोई अप्रिय घटना न घटे इसको लेकर थाना अध्यक्ष बिबेक वर्मा पल पल की अपडेट लेते रहे।

# एक वक्त था जब नेहरू... पीएम मोदी के सामने मलेशिया के प्रधानमंत्री ने उठाया अल्पसंख्यकों का मुद्दा

इब्राहिम की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत–मलेशिया द्विपक्षीय संबंध धीरे–धीरे पटरी पर आ रहे हैं, जब पूर्व प्रधान मंत्री महाथिर मोहम्मद ने जम्मू–कश्मीर से विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने और नागरिकता संशोधन अधिनियम के पारित होने के कदम पर भारत की आलोचना की थी। नई दिल्ली ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और मलेशियाई तेल आयात पर प्रतिबंध लगा दिया।भारत की राजकीय यात्रा पर आए मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों या धार्मिक भावनाओं को प्रभावित करने वाले कुछ गंभीर मुद्दों से जूझना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली अल्पसंख्यकों के सामने आने वाले मुद्दों से निपटने में अपनी उचित भूमिका निभाती रहेगी। मैं इस तथ्य से इनकार नहीं करूंगा कि आपको अल्पसंख्यकों या धार्मिक भावनाओं को प्रभावित करने वाले कुछ गंभीर मुद्दों से भी जूझना पड़ता है। लेकिन हमारी आशा है कि भारत अपनी उचित भूमिका निभाता रहेगा क्योंकि मैंने प्रधान मंत्री (नरेंद्र) मोदी से कहा था कि ये वे वर्ष थे जब नेहरू और झोउ एनलाई और सुकर्णो और न्येरेरे उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ ग्लोबल साउथ के लिए खड़े थे और यह सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करें कि हम पहचानें कि मानवता क्या है, स्वतंत्रता क्या है और पुरुषों और महिलाओं की गरिमा क्या है। इब्राहिम की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत–मलेशिया द्विपक्षीय संबंध धीरे–धीरे पटरी पर आ रहे हैं, जब पूर्व प्रधान मंत्री महाथिर मोहम्मद ने जम्मू–कश्मीर से विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने और नागरिकता संशोधन अधिनियम के पारित होने के कदम पर भारत की आलोचना की थी। नई दिल्ली ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और मलेशियाई तेल आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि, 2022 में इब्राहिम के कार्यभार संभालने के बाद से,



दोनों देशों ने पिछले साल अप्रैल में अपनी–अपनी रुपये और रिंगित मुद्राओं में व्यापार का निपटान किया। भारत का मलेशियाई पाम तेल आयात भी बढ़ा है। हालाँकि, जाकिर नाइक, एक विवादास्पद इस्लामी उपदेशक, जो 2016 में भारत से भाग गया था, द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी अड़चन बना हुआ है। 2018 में शरण पाने के बाद वह वर्तमान में मलेशिया में है। जुलाई 2016 में ढाका में होली आर्टिसन बेकरी में एक भयानक आतंकवादी हमले के संबंध में उसका नाम सामने आने के बाद नाइक आतंकवाद से संबंधित

गंभीर आरोपों के लिए भारत में वांछित है। अपने संबोधन के दौरान, इब्राहिम ने संकेत दिया कि अगर नई दिल्ली उसके खिलाफ सबूत मुहैया कराती है तो उनकी सरकार नाइक के प्रत्यर्पण के भारत के अनुरोध पर विचार कर सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी के साथ उनकी बातचीत के दौरान भारतीय पक्ष द्वारा यह मुद्दा नहीं उठाया गया और इस बात पर जोर दिया कि इससे दोनों देशों को द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने से नहीं रोकना चाहिए।

# लग्जरी और सिक्योरिटी का पैकेज है ट्रेन, जिस रेल फोर्स वन से यूक्रेन जाएंगे मोदी, जानें उसकी खासियत

रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी शुक्रवार, 23 अगस्त को यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा के लिए पोलैंड से लक्जरी ट्रेन ट्रेन फोर्स वन लेंगे। यह विशेष रूप से डिजाइन की गई उच्च सुरक्षा वाली ट्रेन कीव के माध्यम से एक आरामदायक यात्रा प्रदान करती है, जिसमें शानदार सुविधाएं हैं। कीव ने पहले ही अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया है। युद्धग्रस्त राष्ट्र की महत्वपूर्ण यात्रा विशेष व्यवस्था के तहत की जाएगी। भारतीय प्रधानमंत्री विमान से यात्रा नहीं करेंगे जैसा कि वैश्विक नेता आमतौर पर पसंद करते हैं। दरअसल, पोलिश सीमा से कीव पहुंचने के लिए उन्हें करीब 10 घंटे की ट्रेन यात्रा करनी होगी। जब वह पोलिश सीमा पर लौटेगा तो वही समय होगा। मेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रॉन और इतालवी पीएम जियोर्जिया मेलोनी जैसे विश्व नेताओं ने चल रहे रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण सुरक्षा चिंताओं के बीच उसी मार्ग और साधन से यात्रा की थी।रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी शुक्रवार, 23 अगस्त को यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा के लिए पोलैंड से लक्जरी ट्रेन ट्रेन फोर्स वन लेंगे। यह विशेष रूप से डिजाइन की गई उच्च सुरक्षा वाली ट्रेन कीव के माध्यम से एक आरामदायक यात्रा प्रदान करती है, जिसमें शानदार सुविधाएं हैं। लग्जरी ट्रेनों को क्रीमिया जाने वाले पर्यटकों के लिए तैयार किया गया था। लेकिन रूस ने 2014 में क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से इन ट्रेनों का इस्तेमाल युद्ध के समय वर्ल्ड लीडर्स और वीआईपी गेस्ट को लाने–ले जाने के लिए किया जाता है। ट्रेन ने पिछले साल एक राजनयिक यात्रा के दौरान



पोलैंड के माध्यम से कीव तक बाइडेन की आवाजाही की सुविधा प्रदान की थी। मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि रेल फोर्स वन का इंटीरियर इसकी प्रभावशाली अतिथि सूची से मेल खाता है। इसमें लकड़ी के पैनल वाले केबिन हैं जो काम और आराम दोनों के लिए सुसज्जित हैं, जिसमें बैठकों के लिए एक विशाल टेबल, एक आलीशान सोफा, एक दीवार पर लगा टीवी और आरामदायक सोने की व्यवस्था शामिल है।सात घंटे कीव में रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को यूक्रेन की यात्रा पर जाने वाले हैं। प्रधानमंत्री के कीव में सात घंटे रहने की उम्मीद है, जबकि उनकी यात्रा में ट्रेन में 20 घंटे भी शामिल होंगे। मोदी की यात्रा की तैयारी हफ्तों पहले शुरू हो गई, जिसमें रसद और सुरक्षा पर करीबी समन्वय शामिल था। उम्मीद है कि मोदी श्रेल फोर्स वनश रात्रिकालीन ट्रेन से यात्रा करेंगे, जो फरवरी 2023 में बिडेन को पोलैंड से कीव ले गई थी।

# 45 सालों में पहली बार वारसा में भारतीय प्रधानमंत्री, पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा के मायने को यहां समझिए

विदेश मंत्रालय ने भारत और पोलैंड के बीच सदियों पुराने संबंधों को याद करते हुए बताया कि कैसे पोलैंड ने 2022 में संघर्ष शुरू होने के बाद यूक्रेन से अपने छात्रों को निकालने में भारत की सहायता की थी। इसने 1940 के दशक के उस प्रकरण के बारे में भी बात की जब 6000 से अधिक पोलिश महिलाओं और बच्चों को शरण दी गई थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो देशों की यात्रा पर रवाना हुए, जहां वह पोलैंड और यूक्रेन का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री पहले 21 से 22 अगस्त तक पोलैंड का दौरा करेंगे और फिर 23 अगस्त को कीव के लिए मार्च करेंगे। विशेष रूप से, 45 वर्षों के अंतराल के बाद प्रधान मंत्री की पोलैंड की यह पहली यात्रा होगी। इससे पहले 1979 में तत्कालीन पीएम मोरारजी देसाई ने वारसॉ का दौरा किया था। वर्ष 2024 भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। अपनी



यात्रा के दौरान, पीएम मोदी अपने पोलिश समकक्ष डोनाल्ड टस्क से मुलाकात करेंगे और पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे। पोलिश राजधानी वारसॉ में, पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया जाएगा और उन्हें व्यापारिक नेताओं और प्रमुख पारिस्थितिकीविदों के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा।पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा का एजेंडाविदेश मंत्रालय ने भारत और पोलैंड के बीच सदियों पुराने संबंधों को याद करते हुए बताया कि कैसे पोलैंड ने 2022 में संघर्ष शुरू होने के बाद यूक्रेन से अपने छात्रों को निकालने में भारत की सहायता की थी। इसने 1940 के दशक के उस प्रकरण के बारे में भी बात की जब 6000 से अधिक पोलिश महिलाओं और बच्चों को शरण दी गई थी। रियासतों में जामनगर और कोल्हापुर। पोलैंड में भारतीय समुदाय की संख्या लगभग 25,000 है। इसमें लगभग 5,000 छात्र शामिल हैं। पोलैंड की सरकार और लोगों ने यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए श्ऑपरेशन गंगाश के दौरान बहुमूल्य सहायता की पेशकश की थी। 4,000 से अधिक भारतीय छात्रों को पोलैंड के रास्ते निकाला गया था। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में समझौतों के बारे में पूछे जाने पर, विदेश मंत्रालय ने कहा कि रक्षा सहयोग बहुत पुराना है। हमारे पास रक्षा सहयोग पर एक समझौता है जिस पर 2003 में हस्ताक्षर किए गए थे।यूक्रेन को पीएम मोदी का संदेश देश छोड़ने से पहले, पीएम मोदी ने कहा कि वह द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर दृष्टिकोण साझा करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आज, मैं पोलैंड गणराज्य और यूक्रेन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहा हूं। मैं राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के निमंत्रण पर यूक्रेन का दौरा करूंगा। यह किसी भारतीय प्रधान मंत्री की यूक्रेन की पहली यात्रा है। मैं इसके लिए उत्सुक हूं। द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और चल रहे यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर दृष्टिकोण साझा करने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ पहले की बातचीत को आगे बढ़ाने का अवसर, एक मित्र और भागीदार के रूप में हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी की उम्मीद करते हैं।

# मुश्किल में थी बच्चों की जान, दिग्विजय ने बचाए सभी के प्राण, भारत के महाराजा जो पोलैंड के घर–घर में पूजे जाते हैं


द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, हजारों पोल्स अपना देश छोड़कर भाग गए और दुनिया भर में शरण ली। मदद करने वाले पहले देशों में से एक भारत था, जिसकी शुरुआत तथाकथित श्अच्छे महाराजाश जाम साहब से हुई, जिन्होंने कई पोलिश अनाथ बच्चों को अपने पास रखा। 1940 के दशक में हिटलर का पोलैंड पर आक्रमण हुआ तो वहां सैनिकों ने महिलाओं और बच्चों को एक जहाज में बिठाकर रवाना कर दिया।एक ऐतिहासिक यात्रा के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल 21 और 22 अगस्त को पोलैंड के दौरे पर रवाना हो गए। पिछले 45 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली पोलैंड यात्रा है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर, यह यात्रा



द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत और पोलैंड के बीच राजनयिक संबंध 1954 में स्थापित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 1957 में वारसॉ में भारतीय दूतावास और 1954 में नई दिल्ली में पोलिश दूतावास खोला गया। भारत और पोलैंड संबंधों का इतिहास बेहद ही पुराना और दिलचस्प रहा है। वहां एक भारतीय महाराज की घर घर में पूजा तक की जाती है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, हजारों पोल्स अपना देश छोड़कर भाग गए और दुनिया भर में शरण ली। मदद करने वाले पहले देशों में से एक भारत था, जिसकी शुरुआत तथाकथित श्अच्छे महाराजाश जाम साहब से हुई, जिन्होंने कई पोलिश अनाथ बच्चों को अपने पास रखा। 1940 के दशक में हिटलर का पोलैंड पर आक्रमण हुआ तो वहां सैनिकों ने महिलाओं और बच्चों को एक जहाज में बिठाकर रवाना कर दिया। नवानगर (वर्तमान में गुजरात में जामनगर के नाम से जाना जाता है) के जाम साहब दिग्विजय ने युद्ध से भाग रहे 1,000 से अधिक पोलिश शरणार्थियों, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे उन्हें राज्य में बालाचडी नामक स्थान पर शरण दी थी। कई साल तक उन्होंने सैकड़ों बच्चों का ख्याल रखा। इन्हीं शरणार्थियों में से एक बच्चा आगे चलकर पोलैंड का प्रधानमंत्री भी बना। पोलैंड में आज के समय में 8 स्कूलों के नाम जाम साहब के नाम पर है। कई जगहों पर महाराजा का नाम पढ़ने को मिलता है. हर जगह लिखा है– दयावान महाराजा की श्रद्धांजलि में कृतज्ञ पोलैंड राष्ट्र। पोलैंड में भारतीय समुदाय की संख्या लगभग 25,000 है। इसमें लगभग 5,000 छात्र शामिल हैं।

# कमला हैरिस के सपोर्ट में ओबामा ने दिया नया चुनावी नारा, कहा– अगर ट्रंप जीत गए तो...

अमेरिकी इतिहास में पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जोर देकर कहा कि देश हैरिस को चुनने के लिए तैयार है, जो जमैका और भारतीय मूल की हैं और देश की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी। उन्होंने ट्रम्प को 78 वर्षीय अरबपति बताते हुए कहा कि वो अपने सुनहरे एस्केलेटर पर चढ़ने के बाद भी समस्याओं के बारे में रोना बंद नहीं किया है। कमला राष्ट्रपति होंगी। हां, वह बन सकती हैं। उनके इस नारे के साथ ही भीड़ भी यस, शी कैन के नारे लगाने लगी। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मिशेल ओबामा ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के लिए जरूरी संदेशों में देशवासियों से कमला हैरिस को जीताने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका वापसी कर रहा है।



आगे एक कठिन लड़ाई की चेतावनी देते हुए ओबामा ने रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने अपनी पार्टी से कहा था, जब वे नीचे जाते हैं, तो हम ऊपर जाते हैं। मिशेल ओबामा ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के बारे में उनके सीमित और संकीर्ण दृष्टिकोण ने उन्हें दो मेहनती, उच्च शिक्षित, सफल लोगों के अस्तित्व से खतरा महसूस कराया, जो अश्वेत भी रहे। अमेरिकी इतिहास में पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जोर देकर कहा कि देश हैरिस को चुनने के लिए तैयार है, जो जमैका और भारतीय मूल की हैं और देश की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी। उन्होंने ट्रम्प को 78 वर्षीय अरबपति बताते हुए कहा कि वो अपने सुनहरे एस्केलेटर पर चढ़ने के बाद भी समस्याओं के बारे में रोना बंद नहीं किया है। कमला राष्ट्रपति होंगी। हां, वह बन सकती हैं। उनके इस नारे के साथ ही भीड़ भी यस, शी कैन के नारे लगाने लगी। जैसे ही उन्होंने अपना भाषण समाप्त किया, ओबामा ने कहा कि चाहे आप डेमोक्रेट हों या रिपब्लिकन या बीच में कुछ हों। सभी अमेरिकी एक ऐसे देश के लिए तरस रहे थे जो अधिक एकजुट और उदार हो। उन्होंने डेमोक्रेट्स से पार्टी और देश को एक ऐसे अमेरिका में लौटने में मदद करने का आह्वान किया जहां हम एक साथ काम करते हैं और एक–दूसरे का ख्याल रखते हैं। ओबामा ने कहा कि यह चुनाव इसी बारे में है।श मेरा मानना घ्घ्घ्है कि इसीलिए, अगर हम अगले 77 दिनों में अपना काम करते हैं, हम कमला हैरिस को संयुक्त राज्य अमेरिका के अगले राष्ट्रपति और टिम वाल्ज को संयुक्त राज्य अमेरिका के अगले उपराष्ट्रपति के रूप में चुनेंगे।

# दोहा से आई तस्वीर ने बढ़ा दी भारत–इजरायल की टेंशन, हमास और हाफिज मिलकर क्या नया करने वाले हैं?

लश्कर के इन आतंकियों ने हमास के आतंकियों से मुलाकात की है। इन मुलाकात को करवाने वाला पाकिस्तान है। बिना पाकिस्तान की मंजूरी के लश्कर के आतंकी हमास से नहीं मिल सकते थे। लेकिन आपको बता दें कि लश्कर और हमास की मुलाकात सिर्फ इस्माइल हानिया के लिए नहीं है। इन दोनों के निशाने पर अब भारत और इसराइल आ चुके हैं। दोहा में आतंकियों की इस बैठक में अमेरिका द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किए गए लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) नेता सैफुल्ला खालिद और हमास नेता खालिद मेशाल से मिला है। बता दे कि हमास भी भारत विरोध में उतर आया है।एक तस्वीर जिसमें भारत और इजरायल दोनों के दुश्मन एक साथ बैठे नजर आ रहे हैं। यानी भारत और इजरायल के दुश्मनों ने खुलेआम हाथ मिला लिया है। एक तरफ इजरायल के दुश्मन हमास के आतंकी तो दूसरी तरफ भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादी हाफिज सईद के लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी दिख रहे हैं। इस तस्वीर ने भारत और इजरायल में हड़कंप मचा दिया है। पाकिस्तान का कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद हमास के संपर्क में है। आपको याद होगा कि हमास के स्माइल हानियां को मार दिया गया था। इसी कड़ी में लश्कर–ए–तैयबा प्रमुख हाफिज सईद ने अपने कुछ आतंकवादियों को कतर की राजधानी दोहा में भेजा है।लश्कर के इन आतंकियों ने हमास के आतंकियों से मुलाकात की है। इन मुलाकात को करवाने वाला पाकिस्तान है। बिना पाकिस्तान की मंजूरी के लश्कर के आतंकी हमास से नहीं मिल सकते थे। लेकिन आपको बता दें कि लश्कर और हमास की मुलाकात सिर्फ इस्माइल हानिया के लिए नहीं है। इन दोनों के निशाने पर अब



भारत और इसराइल आ चुके हैं। दोहा में आतंकियों की इस बैठक में अमेरिका द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किए गए लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) नेता सैफुल्ला खालिद और हमास नेता खालिद मेशाल से मिला है। बता दे कि हमास भी भारत विरोध में उतर आया है। खालिद को 2018 में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था और वर्तमान में पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) का नेता है। पीएमएमएल एलईटी का एक राजनीतिक फ्रंट संगठन है। वीडियो में पीएमएमएल के उपाध्यक्ष फैसल नदीम, जिन्हें पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लश्कर–ए–तैयबा के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका के लिए अमेरिका द्वारा नामित किया गया है, और पाकिस्तान में मेशाल के प्रतिनिधि नाजी जहीर अस–सरमी को भी दिखाया गया है। वीडियो के अनुसार लश्कर–ए–तैयबा के नेताओं ने तेहरान में एक संदिग्ध इजरायली हमले में हमास नेता इस्माइल हानियेह की हत्या पर अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए मेशाल से मुलाकात की।

# पाकिस्तान से इराक जा रहे शिया तीर्थयात्रियों की बस ईरान में दुर्घटनाग्रस्त, 35 पाकिस्तानियों की मौत



सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, स्थानीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकजादेह ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार रात मध्य ईरानी प्रांत यज्द में हुई। तीर्थयात्री अरबाईन मनाने के लिए इराक जा रहे थे, जो 7वीं शताब्दी में एक शिया संत की मृत्यु के 40वें दिन मनाया जाता है। डॉन न्यूज टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के यज्द में एक चेकपोस्ट पर बस पलटने से कम से कम 35 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 18 घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, स्थानीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकजादेह ने बताया कि दुर्घटना मंगलवार रात मध्य ईरानी प्रांत यज्द में हुई। तीर्थयात्री अरबाईन मनाने के लिए इराक जा रहे थे, जो 7वीं शताब्दी में एक शिया संत की मृत्यु के 40वें दिन मनाया जाता है।यज्द प्रांत के संकट प्रबंधन महानिदेशक ने सरकारी टीवी को बताया, ष्दुर्भाग्य से, इस दुर्घटना में 11 महिलाओं और 17 पुरुषों की जान चली गई। घायलों में से सात की हालत गंभीर है और छह घायल लोग अब अस्पताल से चले गए हैं। अधिकारी ने कहा कि ईरान में पाकिस्तान की वाणिज्य दूतावास सेवाओं को दुर्घटना की जानकारी लेने के लिए यज्द प्रांत में आमंत्रित किया गया है। लाखों शिया मुसलमान वर्तमान में इराक के कर्बला प्रांत में अरबाईन तीर्थयात्रा में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन शिया इस्लाम के एक केंद्रीय व्यक्ति और पैगंबर मुहम्मद के पोते इमाम हुसैन बिन अली की शहादत के बाद 40वें शोक का प्रतीक है।

# अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर लोपेज ने बेन एफ्लेक से तलाक के लिए आवेदन दिया

वर्ष 2000 की शुरुआत में मुलाकात होने, एक–दूसरे से प्यार करने और सगाई करने के बाद यह दंपति अलग हो गया था। लेकिन लोगों को हैरत में डालते हुए वे दो दशक बाद फिर से एक हुए और 2022 में शादी की।दो दशक के रिश्ते में रहने और खूब सुर्खियां बटोरने के बाद मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर लोपेज ने फिल्म निर्माता बेन एफ्लेक से तलाक लेने का फैसला किया है।हॉलीवुड के 'पावर कपल' कहलाने वाले इस जोड़े को उनके प्रशंसक प्यार से 'बेनिफर' कहते थे। लोपेज ने मंगलवार को लॉस एंजिलिस में तलाक का मुकदमा दर्ज



कराया।अदालत के रिकॉर्ड से पता चलता है कि लोपेज ने लॉस एंजिलिस सुपीरियर कोर्ट में मंगलवार को याचिका दायर की। सबसे पहले टीएमजेड वेबसाइट ने यह खबर दी थी।

इसमें कहा गया था कि लोपेज ने बेन से अलग होने की तारीख 26 अप्रैल 2024 दर्ज करायी है। उन्होंने विवाह पूर्व किसी समझौते का उल्लेख नहीं किया है। वर्ष 2000 की शुरुआत में मुलाकात होने, एक–दूसरे से प्यार करने और सगाई करने के बाद यह दंपति अलग हो गया था। लेकिन लोगों को हैरत में डालते हुए वे दो दशक बाद फिर से एक हुए और 2022 में शादी की।उन्होंने 2003 में आयी ''गिगली'' और 2004 में ''जर्सी गर्ल'' फिल्म में एक साथ काम किया। दोनों के इससे पहले वैवाहिक संबंध थे। बेन एफ्लेक (52) ने जेनिफर गार्नर से 2005 में शादी की थी और दोनों के तीन बच्चे हैं।उन्होंने 2018 में तलाक ले लिया था। लोपेज (55) पहले तीन बार शादी कर चुकी हैं। उन्होंने पहले ओजानी नोआ (1997–1998) से और क्रिस जुड (2001–2003) से शादी की थी। उन्होंने और गायक मार्क एंथनी ने 2004 में शादी की थी और दोनों के 14 साल के जुड़वां बच्चे हैं।

# अब आईसीसी के बास बनेंगे जय शाह ? ग्रेग बार्कले ने तीसरे कार्यकाल की रेस से खुद को किया अलग

बयान में कहा गया है कि वर्तमान निदेशकों को अब 27 अगस्त 2024 तक अगले अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रस्तुत करना आवश्यक है और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हैं, तो 1 दिसंबर 2024 से शुरू होने वाले नए अध्यक्ष के कार्यकाल के साथ चुनाव आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, बुधवार को 'द एज' ने यह जानकारी दी। जय शाह के पद पर नियुक्ति की अटकलें तब लगाई जा रही थीं, जब मौजूदा आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने 30 नवंबर को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद मंगलवार को तीसरे कार्यकाल से खुद को अलग कर लिया। द एज ने रिपोर्ट किया कि बार्कले का इस्तीफा ष्शासी निकाय और इसके प्रमुख प्रसारण अधिकार धारक स्टार



के बीच 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विवाद के बीच हुआ। बार्कले के इस फैसले से बीसीसीआई सचिव जय शाह के आईसीसी के चेयरमैन बनने के भविष्य को लेकर अटकलों को बल मिला है। चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि मंगलवार, 27 अगस्त है। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्ब्ब् के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने बोर्ड को पुष्टि की है कि वह तीसरे कार्यकाल के लिए खड़े नहीं होंगे और नवंबर के अंत में अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने पर पद से हट जाएंगे। 2022 में फिर से चुने जाने से पहले बार्कले को नवंबर 2020 में स्वतंत्र प्ब्ब् अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। बयान में कहा गया है कि वर्तमान निदेशकों को अब 27 अगस्त 2024 तक अगले अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रस्तुत करना आवश्यक है और यदि एक से अधिक उम्मीदवार हैं, तो 1 दिसंबर 2024 से शुरू होने वाले नए अध्यक्ष के कार्यकाल के साथ चुनाव आयोजित किया जाएगा। आईसीसी के नियमों के अनुसार, चेयरमैन के चुनाव में 16 वोट होते हैं और नौ वोटों के बहुमत वाले उम्मीदवार को विजेता घोषित किया जाता है। अगर शाह नामांकन दाखिल करते हैं और निर्वाचित होते हैं तो वे आईसीसी के चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय बन जाएंगे। जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर पहले भी शीर्ष क्रिकेट शासी निकाय का नेतृत्व कर चुके हैं।शाह वर्तमान में प्ब्ब् की वित्त और वाणिज्यिक मामलों (थ्–ब्।) उप–समिति का नेतृत्व कर रहे हैं। अक्टूबर 2025 से तीन साल की अनिवार्य कूलिंग–ऑफ अवधि से पहले उनके पास ठब्ब्प् सचिव के रूप में अभी भी एक वर्ष शेष है।भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित ठब्ब्प् संविधान के अनुसार, ठब्ब्प् का कोई भी अधिकारी तीन साल की अनिवार्य कूलिंग–ऑफ अवधि पर जाने से पहले छह साल तक पद पर बना रह सकता है। शाह पहले ही बोर्ड के सचिव के रूप में पाँच साल पूरे कर चुके हैं।

# बुमराह पिछले पांच–छह साल में कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। दुबई । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना घ्है कि भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह पिछले पांच या छह वर्षों में कई प्रारूपों में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। पोंटिंग ने कहा कि बुमराह के लंबे समय तक खेलने को लेकर कुछ चिंताएं हो सकती हैं लेकिन उन्होंने हमेशा चोटों से उबरकर मजबूत वापसी की है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यु' पर कहा, ''मैं



यह लंबे समय से कहता रहा हूं कि वह पिछले पांच या छह साल से विश्व क्रिकेट में शायद कई प्रारूप में खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं।''उन्होंने कहा, ''कुछ साल पहले जब चोटें लगी तो कुछ डर था कि 'क्या वह पहले जैसा प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने वापसी करके वास्तव में बेहतर प्रदर्शन किया है।'' ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''इन खिलाड़ियों के बारे में हमेशा सही जानकारी पाने का सबसे अच्छा तरीका (अन्य) खिलाड़ियों से पूछना है। और जब आप विपक्षी बल्लेबाजों से उनके (बुमराह) बारे में बात करते हैं तो हमेशा यही जवाब होता है कि 'नहीं, वह एक बुरा सपना हैं!' आप कभी नहीं जानते कि क्या होने वाला है।'' उन्होंने कहा, ''कोई गेंद स्विंग करेगी, कोई सीम होगी, वह इन स्विंग गेंदबाजी करेगा, वह आउट स्विंग गेंदबाजी करेगा।'' टी20 विश्व कप में 15 विकेट लेकर बुमराह ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और पोंटिंग ने 30 वर्षीय बुमराह की जमकर तारीफ की। पोंटिंग ने कहा, ''अगर मैं टी20 विश्व कप में उनके प्रदर्शन को देखूं तो – गति अब भी वही है, सटीकता या वह जो दे सकते हैं, उसमें कुछ भी नहीं बदला है।'' उन्होंने कहा, ''कौशल भी समान है। वह साल दर साल बेहतर होते जा रहे हैं। जब आपके पास वह कौशल और निरंतरता होती है जो उनके पास है, तो आप एक महान खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। (ग्लेन) मैकग्रा को देखें, (जेम्स) एंडरसन को देखें, इन लोगों को देखें। उनका कौशल इतने लंबे समय तक कायम रहा जो उन्हें बाकी लोगों से अलग करता है।

# स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह पर बन रही है बायोपिक

मुंबई, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और आईसीसी 2011 विश्व कप के हीरो युवराज सिंह पर बायोपिक बन रही है। अभी तक शीर्षक वाली यह फिल्म क्रिकेट में उनकी यात्रा और योगदान का एक भव्य जश्न मनाने का वादा करती है, जिसमें 2007 टी20 विश्व कप में 6 छक्कों की अविस्मरणीय लकीर और 2011 विश्व कप में उनका शानदार प्रदर्शन शामिल है, जिसके कारण भारत ने 28 साल बाद खिताब जीता था।2000 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से, युवराज सिंह ने क्रिकेट पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने अपनी आक्रामक बाएं हाथ की बल्लेबाजी और शानदार फील्डिंग से प्रशंसकों का दिल जीत लिया।फिल्म के बारे में बात करते हुए युवराज ने कहा, मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मेरी कहानी भूषण जी और रवि द्वारा दुनिया भर में मेरे लाखों प्रशंसकों को दिखाई जाएगी। सभी उतार–चढ़ाव के दौरान क्रिकेट मेरा सबसे बड़ा प्यार और ताकत का स्रोत रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दूसरों को अपनी चुनौतियों से उबरने और अटूट जुनून के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।अभी तक शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार और रवि भागचंदका द्वारा किया गया है, जो सचिनरू ए बिलियन ड्रीम्स और सितारे जमीन पर के लिए जाने जाते हैं।क्रिकेटर की यात्रा उसकी क्रिकेट उपलब्धियों से आगे तक फैली हुई है। 2011 में, युवराज सिंह को कैंसर का पता चला था, लेकिन उन्होंने विश्व कप में अपने देश के लिए खेलना जारी रखा और अपने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें टूर्नामेंट का खिलाड़ी घोषित किया गया। उनकी साहसी लड़ाई और उसके बाद 2012 में क्रिकेट में वापसी ने उल्लेखनीय लचीलेपन का प्रदर्शन किया और विश्व स्तर पर लाखों लोगों को प्रेरित किया।भूषण कुमार ने कहा, युवराज सिंह का जीवन लचीलेपन, विजय और जुनून की एक सम्मोहक कहानी है। एक होनहार क्रिकेटर से क्रिकेट हीरो और फिर असल जिंदगी में हीरो बनने तक का उनका सफर वाकई प्रेरणादायक है। मैं एक ऐसी कहानी लाने के लिए रोमांचित हूं जिसे बड़े पर्दे के माध्यम से बताया और सुना जाना चाहिए और उनकी असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाया जाना चाहिए।यह दूसरी बार है जब रवि किसी क्रिकेटर की कहानी को बड़े पर्दे पर ला रहे हैं।
युवराज सिंह के साथ अपने संबंधों पर विचार करते हुए, रवि ने साझा किया, ष्युवराज कई वर्षों से एक प्रिय मित्र रहे हैं। मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि उन्होंने अपनी अविश्वसनीय क्रिकेट यात्रा को सिनेमाई अनुभव में बदलने के लिए हम पर भरोसा किया। युवराज सिर्फ एक विश्व चौंपियन ही नहीं बल्कि हर मायने में एक सच्चे दिग्गज हैं।

# इंग्लैंड बनाम श्रीलंका पहले टेस्ट मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और जरूरी आंकड़े

नईदिल्ली,इंग्लैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट 21 अगस्त से खेला जाएगा।चोटिल बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि हैरी ब्रूक को उपकप्तान नियुक्त किया गया है।इंग्लैंड ने अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज को 3–0 से हराया था और वह अपनी लय को आगे भी बरकरार रखने का प्रयास करेंगे।आइए मुकाबले की ड्रीम इलेवन और जरूरी बातें जानते हैं। दोनों टीमों की भिड़ंत में इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है।अब तक दोनों टीमों के बीच 36 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें से 17 मैच इंग्लैंड ने जीते हैं और 8 टेस्ट श्रीलंका ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।श्रीलंका ने इंग्लैंड की धरती पर 3 टेस्ट जीते हैं और 8 टेस्ट में हार झेली है। इस बीच 7 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।इंग्लैंड से डैन लॉरेंस और बेन डकेट पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे।चोटिल जैक क्रॉली इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है, इसीलिए लॉरेंस को मौका मिला है।तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवनरू डैन लॉरेंस, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, मार्क वुड और शोएब बशीर।
इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना कठिन होता है। ऐसे में श्रीलंकाई टीम दिमुथ करुणारत्ने से अच्छी शुरुआत की उम्मीद करेगी।श्रीलंका के बल्लेबाजी विभाग में एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी मौजूद हैं। इनके प्रदर्शन पर टीम काफी निर्भर रहने वाली है।संभावित एकादशरू दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसानका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा और लाहिरू कुमारा।डकेट ने 2024 में 37.21 की औसत से 521 रन बनाए हैं।रूट ने श्रीलंका के विरुद्ध 10 मैचों में 58.88 की औसत के साथ 1,001 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 4 शतक और 1 अर्धशतक लगाया है।मैथ्यूज ने इंग्लैंड के खिलाफ 46.19 की औसत के साथ 970 रन अपने नाम किए हैं। गेंदबाजी में उन्होंने 5 विकेट लिए हैं।करुणारत्ने ने 2022 से 49.82 की औसत से 1,445 टेस्ट रन बनाए हैं।विकेटकीपररू जेमी स्मिथ, बेन डकेट और कुसल मेंडिस।बल्लेबाजरू ओली पोप (उपकप्तान), दिमुथ करुणारत्ने और हैरी ब्रूक।ऑलराउंडसरू जो रूट (कप्तान) और एंजेलो मैथ्यूज।गेंदबाजरू गस एटकिंसन, प्रभात जयसूर्या और मार्क वुड।इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाला यह मैच 21 अगस्त से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड स्टेडियम में शुरू होगा।यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3रू30 बजे से शुरू होगा। भारत में इस मैच को सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव ऐप पर देखा जा सकता है।

# सुमित नागल, ह्यूगो गैस्टन और मैग्डा लिनेट जैसे शीर्ष नाम होंगे शामिल

मुंबई,। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का छठा सीजन 3 से 8 दिसंबर के बीच मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जाएगा। इस सीजन पूरी दुनिया के कई शीर्ष टेनिस खिलाड़ी भी लीग में खेलते नजर आने वाले हैं।टेनिस जगत के कुछ शीर्ष नाम भारत आएंगे। टीपीएल 2024 में फॉर्म में चल रहे भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 74 और भारत नंबर 1) और फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन (वर्ल्ड नंबर 61) मुख्य आकर्षण होंगे, जबकि महिलाओं में पोलैंड की मैग्डा लिनेट (वर्ल्ड नंबर 41) और अर्मेनियाई एलिना अवनेस्यान (वर्ल्ड नंबर 52) आकर्षण का केंद्र होंगी।पांच सफल सीजन के बाद टीपीएल फ्रेंचाइजी लीग में आईपीएल के करीब है। सभी फ्रेंचाइजी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए कुल पांच–पांच मैच खेलेंगी क्योंकि लीग का मुख्य उद्देश्य टेनिस फैंस का ध्यान आकर्षित करता है।दो फ्रेंचाइजी के बीच सभी मैच पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल होंगे। दो फ्रैंचाइजी के बीच प्रत्येक मैच में 100 अंक दांव पर होंगे, जहां प्रत्येक श्रेणी 25 अंकों की होगी। प्रत्येक टीम लीग चरण में कुल 500 अंक (100 अंक – 5 मैच) खेलेगी और अंक तालिका में शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली फ्रेंचाइजी हैं– पीबीजी पुणे जगुआर, बंगाल विजार्ड्स, पंजाब पैट्रियट्स, हैदराबाद स्ट्राइकर्स, गुजरात पैंथर्स, मुंबई लियोन आर्मी और गत विजेता बेंगलुरु एसजी पाइपर्स।इसके अलावा, टीपीएल की नजर जमीनी स्तर पर भी है और वह यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि भविष्य में टेनिस सितारों का जलवा बना रहे। इसे ध्यान में रखते हुए, टीपीएल ने पहले ही जिला रैंकिंग टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए गुजरात राज्य टेनिस संघ (जीएसटीए), दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) और महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के साथ समझौता कर लिया है।

# मुंबई शेयर बाजार में लौटी चमक, सेंसेक्स में 300 अंक का उछाल, निफ्टी 24,600 के पार

मुंबई, भारतीय शेयर बाजार की आज उछाल के साथ शुरुआत हुई. बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखने को मिली. दरअसल, वैश्विक बाजारों से मिल रहे मजबूत संकेतों के चलते बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी–50 में आज तेजी देखने को मिल रही है. मंगलवार सुबह बीएसई का सेंसेक्स 297.86 अंक यानी 0.37 प्रतिशत के उछाल के साथ 80,722.54 अंक पर ओपन हुआ. जबकि निफ्टी–50 में 76.25 अंक यानी 0.31 फीसदी की बढ़ोतरी हुई. इसके बाद ये 24,648..90 के स्तर पर खुला.
एनएसई के सेंसेक्स पर लिस्टेड शेयरों में आज बीपीसीएल, टीसीएस, हीरो मोटोक्रॉप, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में आज तेजी का रुख बना हुआ है. जबकि ओएनजीसी, भारती एयरटेल, सीआईपीएलए, एचसीएल टेक और आईटीसी एनएसई गिरावट के साथ करोबार कर रहे हैं. बता दें कि बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयरों में आज उछाल बना हुआ है. जबकि सिर्फ पांच शेयरों में ही आज गिरावट देखने को मिल रही है.सेंसेक्स के टॉप 5 शेयरों में टीसीएस में सबसे ज्यादा उछाल है इसी के साथ आज इसने ऑलटाइम हाई बनाया है. वहीं इसके बाद इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील के शेयरों में भी तेजी बनी हुई है. सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स में टाटा समूह के तीन शेयर शामिल हैं. निफ्टी में बीपीसीएल





का शेयर 2.33 फीसदी उछाल के साथ कारोबार कर रहा है.
वहीं बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों में आज सबसे ज्यादा उछाल टीसीएस के शेयर में देखने को मिल रहा है. इसके अलावा इंडसइंड बैंक, अल्ट्रा टेक, सन फार्मा और एक्सिस बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से तेजी से कारोबार करते दिख रहे हैं. निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में आज तेजी बनी हुई है. जबकि 16 शेयर गिरावट के साथ कोराबार कर रहे हैं.
इसके अलावा आज यानी मंगलवार को व्यापक बाजारों में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. निफ्टी स्मॉलकैप 0.51 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहा है जबकि मिडकैप 0.48 फीसदी के उछाल के साथ कारोबार करता दिखा. वहीं सेक्टर के लिहाज से निफ्टी मेटल और ओएमसी के शेयरों में आज 0.70 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है. जिसके बाद ये शीर्ष पर बने हुए हैं.

# आम के साथ–साथ उसके पत्तों के भी होते हैं कई औषधीय लाभ, डाइट में करें शामिल

आम को फलों का राजा माना जाता है और इसका स्वाद लाजवाब होता है। हालांकि, काफी कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि आम के साथ–साथ उसके पत्ते भी कई औषधीय लाभों से समृद्ध होते हैं।आम के पत्तों के अर्क का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में मधुमेह, दस्त और अस्थमा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है।आम के मौसम के जाने से पहले उसके पत्तों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर ये 5 लाभ पाएं।

**मधुमेह के इलाज में मददगार**
आम की पत्तियों में एंथोसायनिडिन्स नामक फाइटोकेमिकल्स और टैनिन होते हैं, जो ब्लड शुगर के बढ़े हुए स्तर को कम कर सकते हैं। इनमें फाइटोकेमिकल्स मौजूद होते हैं, जो मधुमेह के उपचार में मदद करते हैं।इन पत्तियों में बीटा–टारैक्सेरोल नामक यौगिक होता है, जो इंसुलिन के साथ मिलकर ग्लूकोज को सक्रिय करता है और ग्लाइकोजन के संश्लेषण को बढ़ाता है।आम के पत्ते मधुमेह



एंजियोपैथी और मधुमेह रेटिनोपैथी के इलाज में मदद करते हैं, जो मधुमेह की जटिलताएं हैं।

**वजन रहता है नियंत्रित**
आम के पत्तों में मैंगिफेरिन नामक यौगिक होता है, जो एडिपोनेक्टिन को सक्रिय करने में मदद करता है। एडिपोनेक्टिन एक तरह का प्रोटीन है, जो शरीर में वसा चयापचय और शर्करा को संतुलित करता है।अध्ययनों से पता चलाता है कि आम के पत्ते कोशिकाओं में वसा के संचय को रोकते हैं, जिससे मोटापा कम होने लगता है।आप आम के पत्तों को खान–पान का हिस्सा बनाकर अपना वजन घटा सकते हैं और उसे नियंत्रित भी रख सकते हैं।

**किडनी की पथरी के उपचार में सहायक**
आप अपनी डाइट में आम के पत्तों को शामिल करके किडनी की पथरी से छुटकारा पा सकते हैं। इन्हें रात भर पानी में भिगो के रख दें, फिर सुबह मिक्सी में पीसकर इनका पाउडर बना लें।इस पाउडर को सुबह–शाम पानी के साथ खाएं। ऐसा करने से किडनी की पथरी को तोड़कर शरीर से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।आप इन घरेलू नुस्खों की मदद से किडनी की पथरी का उपचार कर सकते हैं।

**रक्तचाप होता है कम**
आम के पत्तों में हाइपोटेंसिव गुण होते हैं, जिसका मतलब है कि ये रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये पत्ते रक्त वाहिकाओं को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।आप इन पत्तों से बनी हर्बल चाय पीकर रक्तचाप को नियंत्रित कर सकते हैं और बढ़ी हुई नसों का उपचार कर सकते हैं।आम के पत्तों की चाय बनाने के लिए पत्तों को कुछ देर पानी में उबालें। इसके बाद इन्हें छानकर पीएं।

**पेट के लिए फायदेमंद**
संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन करते हुए निरोग रहने के लिए अपने पेट के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसा करने के लिए आप आम के पत्तों को आहार का हिस्सा बना सकते हैं।आम के पत्तों को रात भर गर्म पानी में भिगो दें और छानकर इसे रोजाना खाली पेट पीएं। इससे आपको कब्जी, दस्त और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा।आप इन खाद्य पदार्थों से पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त रख सकते हैं।

# हर महीने पूरा खर्च हो जाता है वेतन ? पैसे बचाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

आज की तेज–तर्रार दुनिया में वित्त का प्रबंधन करना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।जीवन यापन की बढ़ती लागत और आर्थिक अनिश्चितताओं के साथ एक अच्छी बचत की योजना वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान कर सकती है, खासतौर से आपातकालीन स्थिति में।आइए आज हम आपको कुछ ऐसे प्रभावी तरीके बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपने मासिक वेतन से आसानी से पैसे बचा सकते हैं।

**सबसे पहले बजट बनाएं और उसी के अनुसार खर्चा करें**
हर व्यक्ति को अपने खर्चों की गणना करनी चाहिए और इसके बाद हर महीने के खर्च के लिए बजट बनाना चाहिए।निर्धारित की गई सीमा के अंदर ही खर्च करने की कोशिश करनी चाहिए, इससे हर महीने पैसे बचाने में मदद मिलती है।इसके अतिरिक्त अपने वेतन से निर्धारित राशि या प्रतिशत को अलग करके किसी ऐसी जगह रख दें, जहां आपकी पहुंच रोजाना की न हो क्योंकि सामने दिखने पर पैसे खर्च हो जाते हैं।

**अनावश्यक खर्चे कम करें**
बेशक समय के साथ छोटे–छोटे खर्चे बढ़ गए हैं, लेकिन इनके कारण पूरा वेतन कब खत्म हो जाता है, पता ही नहीं



चलता।इससे बचने के लिए उन लागतों की पहचान करने के लिए अपने मासिक व्यय का विश्लेषण करें, जिन्हें कम या खत्म किया जा सकता है।उदाहरण के लिए रोजाना बाहर से कॉफी खरीदने की बजाय उस घर पर ही बनाने पर विचार करें या सिगरेट पीते हैं तो उसकी आदत छोड़ना आदि।

**मासिक बिल में कटौती करें**
वेतन से पैसे बचाने के लिए मासिक बिल में कटौती करना जरूरी है।इसके लिए हर व्यक्ति को अपनी कुशलता का इस्तेमाल करके पानी, गैस, बिजली, फोन के बिल में कटौती करनी चाहिए।इसके अतिरिक्त फोन और इंटरनेट के लिए बेहतर और सस्ता प्लान चुनें। साथ ही अपने बिलों का समय पर भुगतान करके आप लेट फीस और जुर्माने से भी बच सकते हैं। इससे भी आपकी बचत होगी।

**कर्ज लेने और ज्यादा क्रेडिट कार्ड रखने से बचें**
पैसे बचाने के लिए अपने कर्जों को कम और प्रबंधित करने की कोशिश करें। इसके अतिरिक्त, ज्यादा कर्ज लेने से बचें। कोई भी व्यक्ति तभी कर्ज ले जब बहुत ज्यादा जरुरत हो।साथ ही ज्यादा क्रेडिट कार्ड रखने से भी बचें क्योंकि ज्यादा क्रेडिट कार्ड होने का मतलब है ज्यादा खर्चे। बचत करने के लिए इन बातों का ध्यान जरूर रखें।यहां जानिए त्योहारों पर बचत करने के तरीके।

**इमरजेंसी फंड को न भूलें**
वित्तीय सुरक्षा के लिए हर किसी को सबसे पहले अपने लिए एक इमरजेंसी फंड जरूर बनाना चाहिए।यह किसी आकस्मिक स्थिति में आपके लिए कवच की तरह काम कर सकता है।

# विक्की कौशल की छावा का टीजर हुआ रिलीज, छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में दिखे

विक्की कौशल की बहादुर छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में विक्की कौशल का योद्धा अवतार ने फैंस को दीवाना कर दिया है. यह टीजर स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने फैंस को पहले ही उत्साहित कर दिया है. विक्की को महान छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्जेय पुत्र के रूप में एक शक्तिशाली परिचय देता है.छावा के मेकर्स ने फिल्म का धांसू टीजर रिलीज किया है. विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और कैप्शन में फिल्म के बारे में अपडेट देते हुए लिखा है, स्वराज्य के रक्षक. धर्म के रक्षक. छावा – एक साहसी योद्धा की महाकाव्य गाथा.टीजर आउट. योद्धा 6 दिसंबर 2024 को दहाड़ेगा.टीजर की शुरुआत एक रणभूमि से होती है. बैक ग्राउंड में एक दमदार डायलॉग के साथ छावा का



परिचय देते हुए सुना जा सकता है. इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल की एंट्री होती है, जो दुश्मनों से युद्ध करते हुए नजर आते हैं. शेर की दहाड़ के साथ छत्रपति संभाजी महाराज दुश्मनों को संहार करते है. विक्की कौशल के ये अवतार ने फिल्म को लेकर और उत्सुकता बढ़ा दी है.छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा है. छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है. फिल्म में विक्की कौशल मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले हैं. दूसरी ओर, रश्मिका मंदाना फिल्म में येसुबाई भोंसले की भूमिका निभा रही हैं. फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता नील भूपालम को भी फिल्म में मुगल राजकुमार का किरदार निभाने के लिए चुना गया है.

## बश्वक्स अश्वफिस पर स्त्री 2 की ताबड़तोड़ कमाई जारी, 200 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2 दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की यह हॉरर–कॉमेडी फिल्म पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 51.8 करोड़ रुपये से ओपनिंग लेने वाली स्त्री 2 ने वीकेंड पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। फिल्म की दैनिक कमाई में बढ़ोतरी हुई है।आइए जानते हैं चौथे दिन फिल्म के खाते में कितने करोड़ रुपये आए।

सैकनिल्क के मुताबिक, स्त्री 2 ने रिलीज के चौथे दिन 55



करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 190.55 करोड़ रुपये हो गया है। पेड प्रिव्यू के जरिए इस फिल्म ने 8.35 करोड़ रुपये कमाए थे।स्त्री 2 ने 51.8 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 31.4 करोड़ रुपये कमाए।तीसरे दिन यह फिल्म 43.85 करोड़ रुपये का कारोबार करने में सफल रही। स्त्री 2 के निर्देशन की कमान अमर कौशिक ने संभाली है, दिनेश विजान और ज्योति देशपांडे इसके निर्माता हैं। फिल्म की कहानी निरेन भट्ट ने लिखी है।पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना जैसे सितारों ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इसके अलावा अक्षय कुमार ने इस फिल्म में मेहमान की भूमिका निभाई है।स्त्री 2 2018 में आई हॉरर–कॉमेडी फिल्म स्त्री का सीक्वल है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 180.76 करोड़ रुपये कमाए थे।

## जीआरएम ओवरसीज ने सलमान खान को बनाया ब्रांड एंबेसडर

जीआरएम ओवरसीज की स्थापना 1974 में की गई। यह 42 से अधिक देशों को प्रीमियम बासमती चावल का निर्यात करती है। जीआरएम ओवरसीज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज दोनों सूचकांक में



सूचीबद्ध है। बासमती चावल निर्यातक जीआरएम ओवरसीज ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बासमती चावल और गेहूं के आटे के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। जीआरएम ओवरसीज के प्रबंध निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि खान की लोकप्रियता और उनका व्यापक प्रशंसक आधार कंपनी के बासमती चावल की 10ग (10गुना) ब्रांड श्रृंखला और गेहूं के आटे की 10गशक्ति श्रृंखला से मेल खाता है।खान ने बयान में कहा, '' मैं जीआरएम के साथ साझेदारी से खुश हूं। ब्रांड का गुणवत्ता तथा प्रामाणिकता के महत्व पर जोर मेरी सोच के अनुरूप है।'' कंपनी के अनुसार, सलमान खान के साथ जुड़ने का मकसद उनकी प्रतिष्ठित छवि के जरिये जीआरएम की ब्रांड उपस्थिति को मजबूत करना और वैश्विक स्तर पर उपभोक्ताओं से जुड़ना है। जीआरएम ओवरसीज की स्थापना 1974 में की गई। यह 42 से अधिक देशों को प्रीमियम बासमती चावल का निर्यात करती है। जीआरएम ओवरसीज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज दोनों सूचकांक में सूचीबद्ध है।

## बाक्स आफिस पर खेल खेल में की कमाई में मामूली बढ़त, चौथे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, एमी विर्क, वाणी कपूर और फरदीन खान जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म खेल खेल में से निर्माताओं के साथ–साथ खिलाड़ी कुमार के प्रशंसकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।अब वीकेंड पर फिल्म की दैनिक कमाई में मामूली इजाफा देखने को मिला है।आइए जानते हैं चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में का क्या हाल रहा।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, खेल खेल में ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 3.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.95 करोड़ रुपये हो गया है।खेल खेल में ने 5.05 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन यह फिल्म 2.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया।तीसरे दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 3.1 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।खेल खेल में के निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं।आदित्य सील और प्रज्ञा जयसवाल जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।रिपोर्ट्स के अनुसार, सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद खेल खेल में नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर सितंबर के मध्य तक हो सकता है।फिलहाल निर्माताओं की ओर से इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

## नेटिजन्स चाहते हैं- विक्की कौशल, अक्षय कुमार, आदित्य राय कपूर लीजेंड क्रिकेट स्टार की भूमिका निभाएं

फिल्म में क्रिकेट में उनकी कई उपलब्धियां और 2011 में कैंसर से उनकी बहादुरी भरी लड़ाई को दिखाया जाएगा। कुछ ही समय में, नेटिजन्स ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि कौन सा बॉलीवुड अभिनेता बहुप्रतीक्षित बायोपिक में मुख्य भूमिका निभा सकता है। युवराज सिंह बायोपिकरू भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक की घोषणा हो गई है और प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं। इससे पहले निर्माता भूषण कुमार और रवि भागचंदका ने घोषणा की थी कि वे क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक को बड़े पर्दे पर लाएंगे। फिल्म में क्रिकेट में उनकी कई उपलब्धियां और 2011 में कैंसर से उनकी बहादुरी भरी लड़ाई को दिखाया जाएगा। कुछ ही समय में, नेटिजन्स ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि कौन सा बॉलीवुड अभिनेता बहुप्रतीक्षित बायोपिक में मुख्य भूमिका निभा सकता है। नेटिजन्स ने उन अभिनेताओं के विभिन्न नाम लेने शुरू कर दिए, जो उन्हें लगा कि उनकी बायोपिक में युवराज सिंह की भूमिका के साथ न्याय कर सकते हैं। अधिकांश फ्लॉप फिल्में देने के बाद, नेटिजन्स को लगा कि अक्षय कुमार एक उपयुक्त उम्मीदवार हो सकते हैं जो उनकी बायोपिक में युवराज की भावनाओं को चित्रित कर सकते हैं। जबकि एक अन्य यूजर ने युवराज के पिछले कथन का स्क्रीनशॉट हाइलाइट किया और शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी बायोपिक में अक्षय कुमार को मुख्य भूमिका निभाते हुए देखने की इच्छा व्यक्त की थी। बायोपिक में अक्षय का नाम सुझाने के बाद, कुछ नेटिजन्स ने रणबीर कपूर का नाम भी कमेंट किया, जो बायोपिक में उनकी भूमिका निभाने के लिए आदर्श विकल्प हो सकते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, श्सुपर उत्साहित! उम्मीद है कि वे युवराज सिंह के साथ न्याय करेंगे और उनकी भूमिका के लिए एक बेहतरीन अभिनेता को लेंगे। बॉलीवुड में कई सितारे हैं, लेकिन बहुत कम ही असली अभिनेता हैं। केवल रणबीर कपूर में ही युवराज के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का हुनर है।एक अन्य प्रशंसक ने आदित्य रॉय कपूर का नाम लिया, जो उनकी बायोपिक में युवराज की भूमिका निभाने के लिए एकदम सही विकल्प हो सकते हैं।

# घूमर के एक साल पूरे होने पर सैयामी खेर ने इसे अपने जीवन का एक अध्याय बताया



फिल्म घूमर की सफलता से अभिनेत्री सैयामी खेर काफी खुश हैं। उन्होंने अपनी खुशी को एक्स पर पोस्ट कर जाहिर की। फिल्म घूमर एक साल पहले रिलीज हुई थी जिसमें सैयामी खेर और फिल्म स्टार अभिषेक बच्चन मुख्य रोल में नजर आए थे।

फिल्म स्पोर्ट्स पर आधारित है। सैयामी ने कहा मुझे खुशी है कि फिल्म को एक साल के अंदर ही इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म सिर्फ एक प्रोजेक्ट नहीं हैय यह मेरे जीवन का एक अध्याय है। हर फिल्म में बहुत मेहनत लगती है। इस फिल्म में कड़ी मेहनत के साथ नाखून भी टूटे।

बता दें कि फिल्म में सैयामी ने अनीना की भूमिका निभाई है। वहीं अभिषेक बच्चन ने कोच के रूप में दमदार अभिनय किया। सैयामी इस फिल्म में पैरा–क्रिकेटर की भूमिका में थी। जिसे अभिषेक बच्चन ने कोचिंग दी। इन दोनों के अलावा अंगद बेदी ने भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस फिल्म के लिए उन्होंने निर्देशक आर. बाल्की को धन्यवाद किया और कहा कि इस फिल्म में मुझे एक अभिनेता के रूप में निभाने के लिए बहुत कुछ उन्होंने दिया। मैं इस फिल्म में मेरा साथ देने के लिए बाल्की सर की हमेशा आभारी रहूंगी। मुझे उम्मीद है कि मुझे ऐसी चुनौतीपूर्ण और रोमांचक भूमिकाएं मिलती रहेंगी।

घूमरस्र्य हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह रखेगा, और मैं भविष्य में ऐसे कई और अनुभवों का इंतजार कर रही हूं।

इस फिल्म की कहानी में अनीना जो कि क्रिकेट खिलाड़ी हैं, उनका सपना है कि एक दिन वह भारत के लिए क्रिकेट खेले। लेकिन, एक हादसे में वह अपना दायां हाथ खो देती हैं। इस हादसे के बाद अनीना काफी टूट जाती हैं और अपने अधूरे सपने को लेकर मरना चाहती हैं। इसी बीच अभिषेक बच्चन की एंट्री होती है जो अनीना में विश्वास जगाते हैं कि वह एक हाथ से भी खेल सकती है।

# सिल्वर रिवीलिंग साड़ी पहन मौनी राय ने शेयर किया ग्लैम लुक

टीवी से बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग के दम पर पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

मौनी रॉय हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी कातिल अदाओं से फैंस की नजरें नहीं हट पा रही हैं।मौनी रॉय ने अने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलरकी साड़ी पहनी हुई है। यह साड़ी काफी रिवीलिंग लुक में दिखाई दे रही हैं।एक्ट्रेस मौनी रॉय का यह लुक फैंस को काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।उनका ये टेम्पटिंग लुक देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता हुआ नहीं थक रहा है। बता दें कि लोग उनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि बोल्ड लुक्स के भी दीवाने हैं।

बालों को बांधकर, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मौनी रॉय ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती के साथ निखारा है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न मौनी रॉय हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका ग्लैमरस लुक अक्सर फैंस को दीवाना बना देता है।



# जान अब्राहम की वेदा ने चौथे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये, जानिए कुल कारोबार




जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की फिल्म वेदा को स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।वीकेंड पर भी फिल्म की दैनिक कमाई में खास सुधार देखने को नहीं मिला है।अब वेदा की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बहुत निराशाजनक हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, वेदा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन 2.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.25 करोड़ रुपये हो गया है।वेदा ने बॉक्स ऑफिस पर 6.3 करोड़ रुपये के साथ धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह 1.8 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म 2.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।फिल्म की बजट 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।वेदा का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, वहीं इसकी कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। जॉन ने इस फिल्म का निर्माण उमेश केआर बंसल, मोनिशा आडवाणी और मधु भोजवानी के साथ मिलकर किया है।वेदा में जॉन के साथ शरवरी वाघ मुख्य भूमिका में हैं। उनकी अदाकारी की फिल्म में खूब तारीफ हो रही है।अभिषेक बनर्जी, तमन्ना भाटिया और आशीष विद्यार्थी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मौनी रॉय ने फिल्म में कैमियो किया है।

# स्त्री 2 की सफलता से बदली शरद्धा कपूर की किस्मत!

रिपोर्ट्स में बताया गया था कि कृष फ्रैंचाइज की चौथी किस्त में ऋतिक रोशन के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए श्रद्धा कपूर से बातचीत चल रही है। प्रशंसक इस नई जोड़ी को लेकर उत्साहित थे, क्योंकि उनकी अलग–अलग स्टार पावर और अभिनय क्षमता है। स्त्री 2 मूवी ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित सुपरहीरो फिल्म कृष 4 में श्रद्धा कपूर के साथ काम करने की अटकलों का बाजार गर्म है। हालांकि, सूत्रों ने कुछ और ही कहानी बताई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, रिपोर्ट्स में बताया गया था कि कृष फ्रैंचाइज की चौथी किस्त में ऋतिक रोशन के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए श्रद्धा कपूर से बातचीत चल रही है। प्रशंसक इस नई जोड़ी को लेकर उत्साहित थे, क्योंकि उनकी अलग–अलग स्टार पावर और अभिनय क्षमता है।लेकिन थोड़ा संभलकर रहें! बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार ये अफवाहें निराधार हैं। कृष 4 के लिए कास्टिंग प्रक्रिया अभी तक शुरू भी नहीं हुई है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र ने स्पष्ट किया, षफिल्म के बारे में सभी कास्टिंग अफवाहें झूठी हैं। हमने अभी तक कास्टिंग प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है।कृष 4 भारत की प्रिय सुपरहीरो गाथा



की विरासत को आगे बढ़ाता है, जिसकी शुरुआत 2003 में कोई मिल गया से हुई थी। ऋतिक रोशन द्वारा निभाए गए इस किरदार ने बॉलीवुड के सुपरहीरो जॉनर पर एक अमिट छाप छोड़ी है।श्रद्धा कपूर भले ही कृष के साथ सफल नहीं होंगी, लेकिन वह अपनी हालिया ब्लॉकबस्टर, स्त्री 2 की सफलता का लुत्फ उठा रही हैं, जो 2024 में 200 करोड़ रुपये के क्लब में सबसे तेजी से शामिल होने वाली फिल्म बन गई है।

# एक पिकप वाहन से 04 गोवंशीय पशुओं को किया गया बरामद, 02 तस्करों को किया गया गिरफ्तार ।

ब्यूरो देवरिया
सलेमपुर/देवरिया। थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर हरैया मोड़ के पास से भरौली खड़ंजा मार्ग पर एक पिकप वाहन संख्या BR29GB8046 में से बिहार ले जाए जा रहे 04 गोवंशीय पशु बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों क्रमशः 1.विवेक गौतम पुत्र कोमल प्रसाद निवासी कुंईचवर थाना भलुअनी जनपद देवरिया तथा 2. रामप्रवेश पासवान पुत्र शिवदत्त प्रसाद निवासी सहजौर थाना लार जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया । स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद वाहन व गौवंशीय पशुओं को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार थाना



स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है ।

# अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये सुनही उसका बाजार में नलकूप खराब की समस्या के बारे में किसानो द्वारा अवगत कराया गया मुख्य विकास अधिकारी ने नलकूप चालक का नम्बर सभी नलकूपो पर अंकित कराने का निर्देश दिया किसानो द्वारा बाजार में खरपतवार नियंत्रण की डुप्लीकेट दवाओं की जांच कराने की मांग की गयी व्यक्ति शौचालय के पात्र लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया




कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, उपवनाधिकारी बीना त्रिपाठी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड, तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।स

# परिवार परामर्श में तीन परिवारों को बिखरने से बचाया गया

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र नई–किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 3 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवार को बिखरने से बचाया गया इस आयोजन में 6 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई जिसमें परामर्श के बाद 3 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 3 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 3 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है 3 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष श्रीमती शाइस्ता , उपनिरीक्षक सुरेश प्रसाद, महिला हेड कांस्टेबल सविता सिंह ,महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# विकास खंड खुनियांव में जिकाधिकारी ने सड़क का किया जांच

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
शान्तीनगर से सिरसिया वि0ख0 खुनियावं मार्ग का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया जिसका स्टीमेट एवं एम.बी. से मिलान किया गया जो मानक अनुरूप सही पाया गया जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि–इटवा को निर्देश दिया कि अनुरक्षण के माध्यम से जिन सड़को का निर्माण कराया जा रहा है उसका निरीक्षण कर आख्या मुझे प्रेषित करे।



# संपर्क मार्ग पर निर्माणधीन पुलिया के जिकाधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण



ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
महुआ से पजोहा सम्पर्क मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया पजोहा विकास खण्ड खुनियांव का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर को अवगत कराया गया कि इसको माह अक्टूबर 2024 में हैण्ड ओवर किया जाना है जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया जहां–जहां हनीकम्बिंग दिख रहा था लघु सेतु का स्थिति मजबूती में सुधार करने का निर्देश दिया एक प्रतिशत की कटौती करने तथा जहां–जहां हनी कम्बिंग है उसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया।

# प्राथमिक विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
प्राथमिक विद्यालय, रेहरवा विकास क्षेत्र खुनियांव का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 40 बच्चे का नामांकन है जिसमे 29 बच्चे उपस्थित थे विद्यालय की बाउन्ड्रीवाल गिरा हुआ था विद्यालय में बच्चो द्वारा खेल सामान का प्रयोग किया जाता है। रसोईया साड़ी पहनकर नही आयी थी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की



गयी निपुण भारत की कार्ययोजना नही बना था शिक्षक डायरी नही भरा हुआ था। शिक्षक विभाजन की तालिका सही नही बना था निपुण तालिका भी ठीक से नही भरा था।जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा को कठोर चेतावनी निर्गत करने का निर्देश दिया तथा इसका अंकन सर्विस बुक में भी कराये इसके साथ ही विद्यालय में सुधार लाने का निर्देश दिया जिलाधिकारी द्वारा निपुण एप, अभिभावक रजिस्टर को भी देखा गया अभिभावक वैठक 14.08 2024 को आखिरी बार हुआ था। जिलाधिकारी द्वारा अभिभावको की नियमित बैठक कराने का निर्देश दिया इसके साथ ही बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर जूता–मोजा, ड्रेस आदि खरीद ले।

# ट्रक पलटने से खलासी की मौत, 6 मवेषी भी मरे

जौनपुर(आरएनएस)।जफराबाद हौज टोल प्लाजा के निकट वाराणसी –लखनऊ राजमार्ग पर ओवरटेक करने के चक्कर मे ट्रक पोल से टकराती हुई गड्ढे में चली गयी। जिसमे 20 वर्षीय खलासी की मौत हो गयी।तथा ट्रक में लदी चार गाये तथा दो बछड़े भी मर गये। औरैया जनपद के निवासी ट्रक चालक अकील 40 वर्ष पुत्र रहीस तथा खलासी आसिफ पुत्र लुकमान 20 वर्ष के साथ इटावा जनपद से पांच गाय तथा तीन बछड़ों को लादकर बिहार के चौसा बाजार में लगने वाले पशु मेले में जा रहा था।रास्ते मे ऊक्त स्थान पर वह एक बस को ओवरटेक करते समय बस चालक के कट मारने के चलते हाइवे के किनारे लगे संकेतक खम्भे से टकराते हुए गड्ढे में चली गयी। घटना में चालक व खलासी ट्रक में फंसे हुए थे। पुलिस ने चालक तथा खलासी को किसी तरह बाहर निकलवाया।दोनो को आनन फानन में जिला चिकित्सालय भिजवाया।जहां पर चिकित्सक ने खलासी आसिफ को मृत घोषित कर दिया।चालक अकील की हालत भी गम्भीर है।

# शिक्षण संस्थान में लाखों का लैपटाप चोरी

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी पुलिस चौकी से लगभग सौ मीटर की दूरी पर स्थित जीआईसीटीएस कंप्यूटर सेंटर को बीती रात हौसला बुलंद चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ किया। उदयचंदपुर गांव निवासी प्रविंद पुत्र राधेश्याम परिवार के भरण पोषण के लिए थानागद्दी के कृषक इंटर कॉलेज के सामने जीआईसीटीएस कंप्यूटर एजुकेशनल नाम से कंप्यूटर संस्थान चला रहा था। रोज की भांति शाम को संस्थान बंद कर अपने घर चला गया बीती रात चोरों ने कंप्यूटर लैब का ताजा तोड़कर दस लैपटाप, दस लैपटाप चार्जर, छः माउस व दो की बोर्ड लेकर फरार हो गए। कंप्युटर संचालक सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो लैब का ताला टूटा देख पैरो तले से जमीन खिसक गईं। लैब के अंदर जाकर देखा गया तो लैब से सारा सामान गायब मिला जिसकी कुल लागत लाखों की बताई जा रही है। चौकी से लगभग सौ मीटर दूरी पर चोरों ने चोरी की घटना को बेखौब होकर अंजाम दे रहे हैं और पुलिस पूरी तरह से बेखबर है।

# आरक्षण बचाओ को लेकर युवकों ने किया प्रदर्शन

जौनपुर(आरएनएस)। शीतला चौकियां स्थित घन्नेपुर चौराहा पर युवकों ने बुधवार सुबह जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।एसएडीएम सदर व सीओ सदर के पहुंचने पर काफी समझाने के बाद युवक माने और प्रदर्शन समाप्त किया। घन्नेपुर चौराहे पर सुबह साढ़े ग्यारह बजे बसपा का झण्डा तथा हाथों में लिए सैकडो युवक घन्नेपुर चौराहा स्थित शाहगंज हाईवे पर विरोधा प्रदर्शन शुरु कर दिया।एससी एसटी आरक्षण बचाओ बैनर के साथ जुलूस निकालते हुए युवकों ने नारेबाजी किया।इस दौरान शाहगंज हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।लोकतंत्र में तानाशाही नही चलेगी ,नही चलेगी, बंद करो बंद करो के जमकर नारेबाजी किया गया।

# बच्चों के अधिकारों को लेकर जागरूक रहने की जरूरत

जौनपुर (आरएनएस)। पीएम श्री कंपोजिट स्कूल नाथूपुर सिरकोनी में जिला प्रोबेशन कार्यालय व सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा बाल अधिकार व मिशन शक्ति के तहत बृहद शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवम प्रधान अध्यापक अरविंद शुक्ला डॉ0 सुबाष सिंह डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह चंदन राय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रधान अध्यापक अरविंद शुक्ला को अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बाल अधिकार के तहत समस्त बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करना ही आज के शिविर का मुख्य उद्देश्य है। हमें बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व पुनर्वास के विशेष पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना है। संचालन करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के डॉक्टर दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि हमें बच्चों की भविष्य को देखते हुए संबंधित नियम कानून के प्रति सजग करना तथा उनके जीवन के विकास हेतु समस्त उपक्रम करना है।विशिष्ट अतिथि बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय ने कहा कि स्पांसरशिप योजना कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य बाल अधिकारों की संरक्षण हेतु समस्त बच्चों को संरक्षित करने हेतु उनके अधिकारों को दिलाने व जागरूक करने की सर्वाधिक जरूरत है ताकि जरूरतमंद एवं आवश्यकता वाले बालकों को इसका लाभ मिल सके। बाल श्रम खत्म करना भी मुख्य उद्देश्य है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर सुबाष सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं महिलाओं का सम्मान सुरक्षा व स्वालंबन हेतु सरकार व संस्था द्वारा संपूर्ण प्रयास किया जा रहा है । भारती सिंह श्वेता पाल आकांक्षा अनिल मौर्य रितु गौड अभिषेक खुशबू शालू बिंदु समीक्षा इत्यादि समस्त स्टाफ एवम संस्था की वालंटियर मौजूद रहे ।

# सपा कार्यकर्ताओं ने भारत बंद के समर्थन में किया मार्च

जौनपुर(आरएनएस)। आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने दलित और आदिवासी संगठनों के भारत बंद को समाजवादी पार्टी समर्थन करते हुए कार्यकर्ता सड़कों पर उतर भारत बंद का पुरजोर समर्थन करते देखा गया ।

केराकत विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्र होकर दलितों के सम्मान में समाजवादी मैदान मेंष् का जोरदार नारों के साथ पैदल मार्च करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय की तरफ निकल दिए। नीरज पहलवान ने कहा कि क्रीमीलेयर के तर्ज पर एस.सी.एसटी आरक्षण में वर्गीकरण बर्दास्त नही करेंगे।देश की वर्तमान सरकार सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेकर जिस तरह आरक्षण के कृमिलेयर में छेड़छाड़ का घृणित कार्य किया जा रहा हैं उस नीति का समाजवादी पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

# सब्जी व्यवसाई समिति ने किया सांसद का सम्मान

ब्यूरो देवरिया
देवरिया। बुधवार को गोरखपुर रोड ओवर ब्रिज के नीचे स्थित मंडी के सब्जी व्यवसाई सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने सदर सांसद शशांक मणि को समिति की तरफ से सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समिति के लोगों द्वारा मुझे जो सम्मान दिया गया उससे मैं अभिभूत हूं । व्यापारी बंधुओं की समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करता रहूंगा । समिति के लोगों ने सांसद को अपनी मांगों का एक पत्रक भी सौंपा । इस अवसर पर रामेश्वर जायसवाल, अनिल जायसवाल, रविन्द्र प्रताप मल्ल,




हरेंद्र जायसवाल, रमेश वर्मा (नगर अध्यक्ष) निशिरंजन तिवारी, भुवनेश्वर मिश्र, राधेश्याम शुक्ला, सुधीर मद्धेशिया, रविन्द्र राव, रामसिंह कुशवाहा, अखिलेश त्रिपाठी, नितेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, दुर्गेश मद्धेशियाराजेश सोनकर, मनोज जायसवाल, दद्दन गुप्ता सुभाष गुप्ता, वीरेंद्र सिंह सर्वेश नाथ त्रिपाठी, जवाहर लाल बरनवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# राहुल गांधी के खिलाफ खटाखट– खटाखट वाले बयान को लेकर दायर याचिका खारिज

## हाईकोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ता ने अपने बारे में नहीं बताया, दोबारा रिट दायर करें

प्रयागराज(आरएनएस)। राहुल गांधी के खिलाफ खटाखट– खटाखट वाले बयान को लेकर दायर याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि किस आधार पर याचिका दायर की। क्या कहना चाहते हैं? यह इसमें साफ नहीं है। आप कौन हैं? अपने बारे में भी कुछ नहीं बताया। ऐसे में याचिका खारिज की जा रही है।याचिकाकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भारती सिंह और उनके वकील ने कहा कि उन्हें एक मौका और दिया जाए। फिर वह डिटेल से याचिका दाखिल कर अपने बारे में बताएंगे। ऐसे में कोर्ट ने उन्हें फिर से याचिका दाखिल करने की अनुमति दी। मंगलवार को हाईकोर्ट के जस्टिस एमके गुप्ता और जस्टिस मनीष निगम की खंडपीठ ने मामले पर सुनवाई की।राहुल गांधी के खटाखट बयान को लेकर 8 अगस्त को भारती सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बयान पर आपत्ति जताई थी। मांग की थी कि कांग्रेस पार्टी के 99 सांसदों को अयोग्य घोषित जाए। पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त हो और पार्टी का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।